शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 276 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 24 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## शारदीय नवरात्र

### तृतीय चंद्रघंटा



आज मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना होगी। मां चंद्रघंटा के शिख पर चंद्र और हस्त में घंटा है, जो शांति व नाद के प्रतीक हैं। मां के 10 हाथ हैं। मां का वाहन सिंह है। देवासुर संग्राम में देवी के घंटा नाद से कई असुर काल के ग्रास बन गए। शास्त्रों में, आराधना में नाद पर विशेष ध्यान दिया गया है। सुर व संगीत दोनों को ही वशीकरण का बीज मंत्र माना गया है। चंद्रघंटा देवी इसी की आराध्य शक्ति हैं। मां चंद्रघंटा नाद के साथ शांति का संदेश देती हैं। मां के इस स्वरूप की आराधना में सिद्धकुंजिका स्त्रोतम् का पाठ मंगल फलदायी है। दुर्गा मां का यह स्वरूप है कल्याणकारी है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन



### मुख्यमंत्री योगी आज शाम पहुंचेंगे ग्रेटर नोएडा

### गौतमबुद्धनगर में आज रात 12 बजे से धारा-163 लागू




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के लिए मंच पूरी तरह से तैयार हो चुका है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर (कल) करेंगे। जिला प्रशासन और औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम 5 बजे पर गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे जहां से मुख्यमंत्री एक्सपो मार्ट जायेंगे। जहां प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले स्थलीय निरीक्षण करने के बाद गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में रात्रि विश्राम करेंगे। 25 सितंबर को सुबह साढ़े 8 बजे सीएम योगी एक्सपो मार्ट पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 9:30 बजे ग्रेटर नोएडा पहुंच जाएंगे। जहां यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगे।

डीजीपी उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने बताया कि एक्सपोमार्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों की समीक्षा लगातार की जा रही है मंगलवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इससे पहले तैयारियों का निरीक्षण और समीक्षा की। जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक रूट डायवर्जन, वीवीआईपी मूवमेंट और भीड़ नियंत्रण पर विशेष चर्चा की गई।

ट्रेड शो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए ज्वाइंट सीपी लॉ एंड आर्डर डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने निषेधाज्ञा जारी की है। आदेश के मुताबिक गुरुवार को विशिष्ट अतिथियों के आगमन के चलते सुरक्षा कारणों से ड्रोन, गुब्बारे, रिमोट संचालित माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट और पैराग्लाइडर आदि उड़ाने पर 24 घंटे तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिले में धारा-163 बुधवार की मध्यरात्रि 12 बजे से प्रभावी होकर गुरुवार रात 12 बजे तक लागू रहेगी।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूपीइंटरनेशनल ट्रेड शो का उदघाटन करने के बाद अलग-अलग स्टॉलों पर भी जाएंगे। प्रधानमंत्री कुछ उद्यमियों से भी बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का उद्यमियों के साथ फोटो सेशन भी रखा गया है। ट्रेड शो के उदघाटन कार्यक्रम को लेकर की गई तैयारियों पर नजर रखने के लिए उत्तर प्रदेश के ओद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व एमएसएमई विभाग उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान भी ग्रेटर नोएडा पहुंच चुके हैं।

# दिल्ली के आश्रम में छात्राओं का यौन उत्पीड़न

### स्वामी चैतन्यनंद सरस्वती पर छात्राओं ने लगाए गंभीर आरोप

### एफआईआर दर्ज होने के बाद कथित स्वामी फरार



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में एक बड़ा आश्रम कांड का पर्दाफाश हुआहै। यहां एक इंस्टीटयूट में पढ़ रही छात्राओं ने अपने साथ यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।

दिल्ली पुलिस ने श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट में पढ़ रही छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न और धोखाधड़ी के आरोपों पर जांच शुरू हो गई है. शिकायत में आरोप है कि आरोपी स्वामी चैतन्यनंद सरस्वती पार्थ सारथी ने ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम कोर्स कर रही महिला छात्रों के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया और अश्लील वाटसऐप और एसएमएस संदेश भेजे. इतना ही नहीं शारीरिक संपर्क बनाने की भी कोशिश की गई। शिकायत पी.ए. मुरली, प्रशासक, (शेष पृष्ठ-4 पर)

### कार पर फर्जी डिप्लोमैटिक नंबर

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संस्थान के बेसमेंट में एक वोल्वो कार खड़ी थी। इस कार पर 39 UN-1 फर्जी डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी हुई थी और इसे कथित आरोपी इस्तेमाल कर रहे थे। कार जब्त कर ली गई। पुलिस ने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील है और छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है. आरोपी अब तक फरार है, पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार के प्रयास जारी है, जल्द ही वह गिरफ्तर में होगा।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दर्ज सबूतों में छात्राओं के बयान, सीसीटीवी फुटेज, एनवीआर और हार्ड डिस्क से जुटाए गए फॉरेंसिक सबूत शामिल हैं। ये सभी साक्ष्य जांच और कानूनी कार्रवाई में अहम भूमिका निभाएंगे। जांच अधिकारी ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत पकड़कर सबूतों के आधार पर कानूनी कार्रवाई पूरी हो। इस मामले में कोई भी कानूनी ढील नहीं दी जाएगी।

# कंपनी मालिक की लापरवाही से महिला कर्मचारी हुई घायल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र में डेढ़ माह पूर्व कंपनी में लापरवाही की वजह से हादसे का शिकार हुई महिला के पति ने मुकदमा दर्ज कराया है। महिला के पति का आरोप है कि कंपनी मालिक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। हादसे के बाद जब वह इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए कंपनी गया तो उसके साथ गाली गलौज कर धक्के देकर भगा दिया गया।

ग्राम धूम मानिकपुर निवासी पप्पू ठाकुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी पत्नी कुड़ी खेड़ा मोड धूम मानिकपुर स्थित मैसेज धनेजा ग्राइंडर में पैकर्स के पद पर पिछले 10 वर्षों से कार्य कर रही थी। 8 अगस्त को वह कंपनी में ड्यूटी पर थी। कंपनी मालिक ने निर्माण कार्य के लिए एक ट्रक सरिया मंगवाया हुआ था और उसे ट्रक को मजदूर के आने जाने वाले रास्ते पर लापरवाही से खड़ा कर दिया था। कंपनी मालिक द्वारा ट्रक की निगरानी के लिए कोई सुरक्षा गार्ड भी नहीं लगाया था उसकी पत्नी रज्जो देवी उसी रास्ते से ट्रक के पास से टॉयलेट करने जा रही थी। इस दौरान ट्रक से एक बंडल सरिया उसकी पत्नी पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया इस मामले में जब वह पत्नी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए कंपनी पहुंचा तो कंपनी मालिक ने उसे गाली गलौज कर धक्का देकर भगा दिया। पप्पू ठाकुर ने कंपनी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# दुकानदार को पीटा, फिर दबंगों ने कार में की तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बील अकबरपुर गांव में अपनी दुकान पर बैठे एक दुकानदार के साथ गांव के ही 7 लोगों ने मारपीट की। हमलावरों ने दुकान तथा घर के भीतर खड़ी स्कॉर्पियो, विटारा गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है।

बील अकबरपुर निवासी सतीश कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 सितंबर की रात्रि को उनका छोटा भाई अजीत भाटी गांव में अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इस दौरान गांव के ही रहने वाले सोनू, कुलदीप, लोकेश, नरेश, आदेश, नरेंद्र व अशोक दुकान पर



पहुंचे। इन लोगों ने अजीत भाटी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। अजीत ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से उसे पर हमला कर दिया। आरोपियों से बचने के लिए अजीत भाटी घर के भीतर की तरफ भागा। सभी आरोपी उसके पीछे घर के भीतर घुस आए और मारपीट करने लगे इस दौरान आरोपियों ने घर के अंदर खड़ी स्कॉर्पियो व विटारा कार में भी तोड़फोड़ की। हमलावरों ने दुकान में भी तोड़फोड़ कर सारा सामान बिखेर दिया।

मौके पर लोगों पर इक्ट्टा होते देखकर आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सतीश कुमार के मुताबिक यह पूरी घटना दुकान व घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# पिता-पुत्री ने साजिश रच वृद्ध को लगाई लाखों की चपत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जलसाजो ने पूरा षड्यंत्र रचकर 69 वर्षीय वृद्ध को लाखों रुपए की चपत लगा दी। जालसाज पिता पुत्री ने किसी अन्य व्यक्ति की फैक्ट्री बेचने के नाम पर वृद्ध से लाखों रुपए हड़प लिए। पीड़ित का आरोप है कि पिता पुत्री उससे अवैध रूप से 3 करोड रुपए की मांग कर रहे हैं और उसकी हत्या करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने थाना सेक्टर 24 में मुकदमा दर्ज कराया है यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज हुआ है।

सेक्टर 26 निवासी चरणजीत अरोड़ा ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी जमा पूंजी को रियल एस्टेट में निवेश करने का निर्णय लिया। इस दौरान सेक्टर 28 में रहने वाले त्रिलोकी नाथ शर्मा व उनके पुत्री पूनम शर्मा ने उन्हें बताया कि उनकी एक संपत्ति सेक्टर 57 में है उन्होंने यह संपत्ति अपने परिचित के नाम पर ली है लेकिन उक्त संपत्ति के असली मालिक वही लोग हैं। उक्त संपत्ति का सौदा 24328375 रुपए में तय हो गया। उन्होंने चेक द्वारा 21 लाख रुपए किलो की नाथ तथा उसकी पुत्री को 10 लाख रुपए दे दिए बकाया रकम ट्रांसफर डीड के समय पर देना तय हुआ। चरणजीत अरोड़ा के मुताबिक कुछ समय बाद उन्हें बताया गया की संपत्ति पर कुछ विवाद है इसलिए इस संबंध में एक अनुबंध दोबारा करना होगा 31मई 2018 को रजिस्ट्रार कार्यालय में नोटरीकृत अनुबंध किया गया। त्रिलोकी नाथ शर्मा एवं उनकी पुत्री ने एडवांस धनराशि बढ़कर एक करोड रुपए देने को कहा तो उन्होंने इनकार कर दिया। चरणजीत अरोड़ा के मुताबिक वह लगातार पिता पुत्री से संपर्क कर संपत्ति की डीड कराने को कहता रहा लेकिन वह हर बार उसे भरोसा देते रहे। कुछ समय बाद उसे जानकारी मिली कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

# मैनेजर पर जानलेवा हमला ऑफिस के गार्ड पर शक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एनटीपीसी स्थित पी आर भजनलाल आई केयर में कार्यरत मैनेजर के साथ कुछ लोगों ने हमला कर उनके साथ मारपीट की। इस घटना में मैनेजर को गंभीर चोटें आई हैं। आरोप है कि ऑफिस में गार्ड का काम करने वाले युवक ने उन पर हमला करवाया है।

ग्राम डेरी मच्छा निवासी सतीश शर्मा ने थाना जारचा में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा बंटी शर्मा पी आर भजनलाल एनटीपीसी आई केयर में मैनेजर की पोस्ट पर कार्यरत है। 20 सितंबर की शाम को वह ऑफिस से ड्यूटी खत्म कर घर के लिए निकला था। रास्ते में स्विफ्ट कार सवार चार युवकों ने उसकी गाड़ी को ओवरटेक का बहाना बनाकर रोक लिया।

चारों युवकों ने बंटी शर्मा को कार से नीचे खींच लिया और उस पर डंडे व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने बंटी की कार के शीशे भी तोड़ दिए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# जलापूर्ति बढ़ाने को लेकर प्राधिकरण गंभीर

### 7 नए रैनीवैल बनेंगे, अब बोरवेल के पानी का नहीं होगा प्रयोग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में आपूर्ति होने वाले गंगाजल में अब बोरवेल का पानी नहीं बल्कि रेनीवेल का पानी मिलाकर आपूर्ति किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण 7 नये रेनीवैल बनाएगा।

नोएडा प्राधिकरण सप्लाई के लिए बोरवेल का पानी का प्रयोग जल्द बंद कर देगा। इसके लिए रेनीवेल की संख्या बढ़ाने जा रहा है। वर्तमान में 9 रेनीवेल संचालित है दो का संचालन जल्द किया जाएगा। उसका नवीनीकरण किया जा रहा है। सात नए रेनीवेल बनाए जाएंगे। जिसमें दो सेक्टर-135 में बनेंगे। वर्तमान में रेनीवेल से करीब 122 एमएलडी की सप्लाई की जा रही है। जिसका



महाप्रबंधक ( जल ) आर.पी. सिंह



टीडीएस लेवल करीब 350 से 360 के आसपास है। यह जानकारी महाप्रबंधक (जल) आर.पी. सिंह ने दी। इस जल को बोरवेल और प्रताप विहार प्लांट से सप्लाई होने वाले गंगाजल में मिलाकर सप्लाई किया जाता है। इस तरह से कुल 406 एमएलडी जल की सप्लाई की जा रही है। जिससे सेक्टर में गंगाजल की सप्लाई की जा रही है। नए रेनीवेल बन जाने के बाद बोरवेल का पानी प्रयोग नहीं किया जाएगा। सीधे गंगाजल में रेनीवेल का पानी मिलाकर सप्लाई किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# चोरों के निशाने पर पीजी सामान किया साफ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 व थाना फेस तीन क्षेत्र में चोरों ने दो पी जी में चोरी की घटना को अंजाम दिया। पी जी के कमरो से चोर 3 लैपटॉप, मोबाइल फोन चार्जर, रेड टेप का बैग, कार्यालय का डाटा व पर्स चोरी कर लिया। पीड़ितों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से वसुंधरा बिहार कानपुर के रहने वाले आयुष कटियार ने थाना सेक्टर 58 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह रसूलपुर नवादा गांव में पी जी चलाते हैं। 20 सितंबर की दोपहर को वह किसी व्यक्तिगत कार्य से सेक्टर 16 गए थे। करीब 3 घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो उन्हें कमरे से दो लैपटॉप, लैपटॉप चार्जर, रेड टेप का बैग, आईडी कार्ड, कार्यालय का डाटा गायब मिला। उन्होंने अपने सामान की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के (शेष पृष्ठ-4 पर)

# महिला डॉक्टर ने पति पर लगाया बच्ची के अपहरण का आरोप



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में एक महिला डाक्टर ने अपने पति पर अपनी 5 वर्षीय बच्ची के अपहरण का संगीन आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि स्कूल से आते वक्त उसके पति ने बच्ची का अपहरण कर लिया महिला ने शिकायत में कहा है कि उसके पति पर घरेलू हिंसा और तलाक का मुकदमा भी न्यायालय में चल रहा है।

सेक्टर ओमेगा 1 ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में रहने वाली रिद्धि (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 सितंबर की दोपहर को उसके 5 वर्षीय बेटी स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल बस से घर आ रही थी। घर के पास पहले से ही उसके पति सत्यजीत प्रसाद सिंह खड़े हुए थे। स्कूल बस से उतरते ही बच्ची को सत्यजीत प्रसाद सिन्हा ने जबरदस्ती उठाकर अपने कर में बिठा लिया। इस दौरान बच्ची को लेने के लिए गई मेड ने शोर मचाया। बावजूद इसके सत्यजीत प्रसाद सिंह बच्ची को लेकर चले गए। रिद्धि के मुताबिक उसके पति सत्यजीत पहले भी बच्ची को नशे की हालत में अस्पताल छोड़ गए थे। पीड़िता का कहना है कि उनकी बेटी अपने पिता से बहुत डरी हुई थी और उसने उनके साथ जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सत्यजीत प्रसाद सिन्हा ने जानबूझकर उनके गाड़ी में टक्कर मारकर उन्हें तथा उनकी बेटी को जान से करने का प्रयास भी किया था इस मामले में उन्होंने 7 जून को थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज कराया था। रिद्धि का कहना है कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

# अधिवक्ता पर कैंटर चालक ने रॉड से बोला हमला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कार में टक्कर मार कर भाग रहे कैंटर चालक का पीछा कर उसे रोकना अधिवक्ता को खासा महंगा पड़ा। चालक ने अधिवक्ता के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उन्हें लहु लुहान कर दिया। राह चलते लोगों ने किसी तरह अधिवक्ता की जान बचाई। अधिवक्ता ने थाना सेक्टर 63 में कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गाजियाबाद के बुध विहार बहरामपुर निवासी अमरेश पाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं तथा जनपद गाजियाबाद न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। 10 सितंबर की शाम को वह अपनी कार से एसजेएम हॉस्पिटल वाले कट से पृथला की तरफ जा रहे थे। पीछे से आ रहे आईशर कैंटर ने उनकी गाड़ी की बांई की तरफ साइड मारकर शीशा तोड़ दिया और भाग निकला। उन्होंने पीछा कर कुछ दूरी पर जाकर कैंटर को रुकवा लिया।

कैंटर चालक लोहे की रॉड लेकर उतरा और उन पर हमला कर दिया। उसने रोड से उन पर कई वार किए जिससे उनका सिर फट गया। लहु लुहान करने के बावजूद भी चालाक नहीं रुका और उन पर लोहे की रॉड से लगातार वार करता रहा। राह चलते लोगों ने किसी तरह उन्हें कैंटर (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बढ़ाया जा रहा है मैकेनिकल स्वीपिंग का दायरा

### 23 करोड़ होंगे खर्च, अक्टूबर में खोली जाएगी बिड, खंड-2 में भी होगी मैकेनिकल स्वीपिंग

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

स्वच्छता सर्वेक्षण में नोएडा को मिल रहे एवार्ड से उत्साहित होकर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने सफाई व्यवस्था को और भी चाक-चौबंद करने का बीड़ा उठाया है। अब मैकेनिकल स्वीपिंग की सफाई के दायरे को और भी व्यापक किया जाएगा।



महाप्रबंधक एसपी सिंह




नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एस.पी. सिंह ने बताया कि 23 करोड़ की लागत से मैकेनिकल स्वीपिंग का ढांचा बढ़ाया जा रहा है। इसमें अब खंड-2 के साथ-साथ खंड-2 के सभी क्षेत्रों में मैकेनिकल स्वीपिंग होगा।

नोएडा में मैकेनिकल स्वीपिंग के जरिए साफ-सफाई की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर जारी किया है। डिविजन सेकेंड के अंदर आने वाले सेक्टरों इसमें शामिल किए गए है। कंपनी को पांच साल के लिए हायर किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण 23 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके लिए टेंडर जारी किया गया है। कंपनी 6 अक्टूबर तक आवेदन कर सकती है। सात अक्टूबर को बिड खोली जाएगी। जिसमे लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। बताया गया कि कंपनी अपनी मशीन लेकर आएगी। हालांकि उसे लॉजिस्टिक दिया जा सकता है। बता दे नोएडा में मैकेनिकल स्वीपिंग के जरिए ही साफ-सफाई का काम होता है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## सत्ता का कुशासन

पाक सत्ता के कुशासन व भेदभाव से त्रस्त उसके कई राज्यों के नागरिक दमन के खिलाफ मुखर विरोध जताते रहे हैं। जिसमें पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत, खैबर पख्तूनख्वा के लोग भी शामिल हैं। गरीबी-महंगाई और हाल के हफ्तों में भारी बाढ़ की तबाही झेल रहे खैबर के असहाय लोग अब एक क्रूर सैन्य अभियान का भी दंश झेल रहे हैं। कहने को तो पाक सेना के इशारे पर मुहिम चला रही सरकार का कहना है कि खैबर पख्तूनख्वा में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों का सफाया करने के लिये यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि तिराह घाटी में पाकिस्तानी वायु सेना के विमानों द्वारा किए गए बम विस्फोटों में महिलाओं-बच्चों समेत करीब तीस नागरिकों की जान चली गई है। इस घटना के बाद पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने अफगानिस्तान सीमा के पास हुए हवाई हमलों की जांच की मांग की है। हमेशा की तरह की झूठी कहानी गढ़ने में मशहूर पाकिस्तानी पुलिस की दलील है कि इन मौतों के लिये उस परिसर में हुए विस्फोट जिम्मेदार हैं, जहां टीटीपी ने विस्फोटक सामग्री जमा कर रखी थी। दरअसल, भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों के द्वारा पाकिस्तान के आतंकवाद फैलाने के मंसूबों को बेनकाब किया है। जिसके जवाब में पाकिस्तान सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनीर यह दिखावा करने पर तुले हुए हैं कि उनका देश आंतकवाद का पोषक नहीं बल्कि इससे पीड़ित देश है। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान में यह चाल खूब चली है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भारतीय धरती पर हुए इस भयावह नरसंहार के लिये पाकिस्तान को दोषी ठहराने से कतरा रहा है, भले ही इसके स्पष्ट संकेत हों। दरअसल, कथित रूप से आतंकवाद से निपटने के बहाने, पाकिस्तान का सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ यानी पीटीआई सरकार को कमजोर करने की भरसक कोशिश कर रहा है। वास्तव में पाक हुकमरान अतीत में भी सेना के इशारे पर विपक्षी राजनीतिक दलों के दमन के लिये अभियान चलाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई अपने संस्थापक, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के दो साल से जेल में बंद होने के विरोध में पहले ही संघर्ष जारी रखे हुए है। पूरे देश में पीटीआई कार्यकर्ताओं को जेलों में डाला जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान की सत्ता में काबिज वर्ग विशेष के खिलाफ प्रतिरोध का स्वर मुखर करने वाले प्रांतों में लोगों के सफाये के लिये सुनियोजित अभियान चलाये जाते रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा में लंबे समय से मानवाधिकारों के हनन और लोगों के जबरन विस्थापन के खिलाफ लगातार विरोध के स्वर उभरते रहे हैं। अब इस हवाई हमले ने पाकिस्तान सरकार के नापाक मंसूबों को सारी दुनिया के सामने उजागर कर दिया है, जो अपने सोते हुए नागरिकों पर बम बरसाकर खतरनाक इरादों को अंजाम दे रही है। विडंबना यह है कि जो पाकिस्तान भारत के खिलाफ दशकों तक सीमा पार से आतंकवाद का प्रायोजक रहा है, अब यह चाहता है कि तालिबान सरकार सुनिश्चित करे कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिये न हो। इसमें दो राय नहीं कि पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर के दुस्साहस के चलते ही अफगानिस्तान के साथ उसके देश के संबंधों को नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान के इस टकराव के रवैये के कारण पाकिस्तान व अफगानिस्तान के रिश्ते सबसे खराब दौर में पहुंच गए हैं। निस्संदेह, इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता खतरे में पड़ गई है। सही मायनों में खैबर पख्तूनख्वाह में मची तबाही पर भारत को पाक पर आंख बंद करके विश्वास करने वाले चीन, अमेरिका और तुर्की जैसे देशों को इस हकीकत से अवगत कराना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा अपने ही नागरिकों पर किए जा रहे अत्याचारों पर आंख मूंद लेने के लिए भारत को इन देशों को आड़े हाथ लेना चाहिए। समय-समय पर भारत व पाकिस्तान को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने वाले इन देशों को हकीकत से अवगत होना जरूरी भी है। उन्हें याद रखना चाहिए कि वे भारत व पाकिस्तान को एक तराजू में रखकर नहीं तोल सकते हैं।

## अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।

निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीज़ा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीज़ा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आईटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषत: भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही




**अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी ज़रूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीज़ा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीज़ा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीज़ा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीज़ा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती। अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि ये दोनों (राजकुमार) महाराज दशरथजी के पुत्र हैं! बाल राजहंसों का सा सुंदर जोड़ा है। ये मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करने वाले हैं, इन्होंने युद्ध के मैदान में राक्षसों को मारा है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**स्याम गात कल कंज बिलोचन। जो मारीच सुभुज मदु मोचन॥**
**कौसल्या सुत सो सुख खानी। नामु रामु धनु सायक पानी॥**

जिनका श्याम शरीर और सुंदर कमल जैसे नेत्र हैं, जो मारीच और सुबाहु के मद को चूर करने वाले और सुख की खान हैं और जो हाथ में धनुष-बाण लिए हुए हैं, वे कौसल्याजी के पुत्र हैं, इनका नाम राम है॥

**गौर किसोर बेषु बर काछें। कर सर चाप राम के पाछें॥**
**लछिमनु नामु राम लघु भ्राता। सुनु सखि तासु सुमित्रा माता॥**

जिनका रंग गोरा और किशोर अवस्था है और जो सुंदर वेष बनाए और हाथ में धनुष-बाण लिए श्री रामजी के पीछे-पीछे चल रहे हैं, वे इनके छोटे भाई हैं, उनका नाम लक्ष्मण है। हे सखी! सुनो, उनकी माता सुमित्रा हैं॥

**दो0-बिप्रकाजु करि बंधु दोउ मग मुनिबधू उधारि।**
**आए देखन चापमख सुनि हरषीं सब नारि॥**

दोनों भाई ब्राह्मण विश्वामित्र का काम करके और रास्ते में मुनि गौतम की स्त्री अहल्या का उद्धार करके यहाँ धनुषयज्ञ देखने आए हैं। यह सुनकर सब स्त्रियाँ प्रसन्न हुईं॥

(क्रमश:..)

## नहीं थमेगी सोने की कीमत

नौ सितंबर को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 3673.95 डॉलर पर पहुंच गईं और इस साल अब तक सोने की कीमतों में 38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मजबूत निवेश मांग के चलते ऑस्ट्रेलियाई ऋणदाता एएनजेड समूह ने सोने की कीमत का अनुमान बढ़ाकर इस वर्ष के अंत तक 3800 डॉलर प्रति औंस कर दिया है। एएनजेड ने उम्मीद जताई है कि अगले जून तक कीमतें 4000 डॉलर के करीब पहुंच जाएंगी। कमजोर डॉलर, मजबूत केंद्रीय बैंक खरीददारी, नरम मौद्रिक रुख और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता ने सोने की बढ़ती कीमतों को बल दिया है। केंद्रीय बैंक की सोने की खरीद 2025 में 900 मीट्रिक टन से 950 मीट्रिक टन के बीच रहने का अनुमान है, जिसका अर्थ है कि वर्ष की दूसरी छमाही में 485 टन से 500 टन तक की खरीद होने की उम्मीद है। चीन के केंद्रीय बैंक ने अगस्त में अपने सोने के भंडार में काफी वृद्धि की जिससे लगातार सर्राफा की खरीद जारी रही। श्रम बाजार के लिए बढ़ते जोखिम के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व मार्च 2026 तक अपना नरम रुख जारी रख सकता है। इस वजह से अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड पर दबाव बढ़ेगा, जो सोने की खरीद को प्रेरित कर सकता है। एएनजेड ने सोने की तेजी और मजबूत ईटीएफ प्रवाह का हवाला देते हुए, वर्ष के अंत में चांदी की कीमत का लक्ष्य भी बढ़ाकर 44.7 डॉलर प्रति औंस कर दिया है।

सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी = 1988 में सोने की कीमत 430 डॉलर प्रति औंस थी, जो सितंबर 2018 तक बढकर 1195 डॉलर प्रति औंस हो गई, यानी 30 वर्षों में 3.43 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। लेकिन पिछले 7 वर्षों में सोने की कीमत लगभग 17.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढकर अब 3654 डॉलर तक पहुंच गई है। दुनिया भर के आर्थिक विश्लेषक सोने की कीमतों में उछाल के पीछे वैश्विक मौद्रिक और वित्तीय स्थितियों में महत्वपूर्ण बदलावों की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में सोने के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव है, जो शायद कई देशों में नहीं पाया जाता, और यही बात लोगों को यह जानने के लिए उत्सुक बनाती है कि सोने की कीमतों में अचानक इतनी तेजी क्यों आई है। लोग, खासकर हमारी महिलाएं, अपनी बचत को सोने के रूप में रखने में गर्व महसूस करती हैं। अनुमान है कि दुनिया में कुल ज्ञात सोने में से, जो 187000 टन है, लगभग 25000 टन भारत में पाया जाता है, जो भारतीय घरों में ऐतिहासिक रूप से रखे गए सोने और समय के साथ दुनिया के बाकी हिस्सों से सोने की खरीद का परिणाम है। भारत के केंद्रीय बैंक, यानी भारतीय रिजर्व बैंक के पास 31 दिसंबर 2024 तक 876 टन सोना है, जो अब दुनिया में 8वां सबसे बड़ा भंडार है। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 में भारत का स्वर्ण भंडार दुनिया में 9वां सबसे बड़ा था। लेकिन दिसंबर 2023 और दिसंबर 2024 के बीच 73 टन सोने की खरीद के साथ, भारत का स्वर्ण भंडार अब दुनिया में 8वां सबसे बड़ा है।

डॉलर से विमुखता, यानी सोने के प्रति प्रेम = दुनिया के देशों, खासकर विकासशील देशों को, पिछले कुछ दशकों में डॉलर के लगातार मजबूत होने के कारण भारी नुकसान हुआ है। इस मामले में भारत भी कोई अपवाद नहीं है। हाल ही में भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में रुपए की भूमिका बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। इस संबंध में, लगभग 20 देशों के साथ रुपए में अंतरराष्ट्रीय भुगतान निपटान के लिए व्यवस्था की गई है। दूसरी ओर, उथल-पुथल और खासकर अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में कठिनाई के कारण, स्थानीय मुद्राओं में भुगतान करने के प्रयासों में उल्लेखनीय तेजी आई है। इन सभी को दुनिया में समग्र रूप से डॉलर-विमुक्ति का एक अभिन्न अंग माना जा रहा है। देशों की सरकारों और केंद्रीय बैंकों की डॉलर के प्रति विमुखता ने सोने की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि की है।

भविष्य की संभावनाएं = हालांकि सोने की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, लेकिन भविष्य में भी यह वृद्धि जारी रह सकती है या इसकी गति में और तेजी आ सकती है। सोने की कीमतों में इस वृद्धि के कई कारण बताए जा रहे हैं। सर्वप्रथम, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की उदार नीति इसका सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। अमरीका का फेडरल रिजर्व आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने हेतु पिछले कुछ समय से ब्याज दर को घटाने का रुख अपनाए हुए है, जिससे अमरीकी ट्रेजरी में यील्ड कम रहेगी, जिसके चलते सोने में ज्यादा लाभ रहने की संभावना है। इसके अलावा कम ब्याज दरें सोने की अवसर लागत को कम करती हैं। जब ब्याज दरें ऊंची होती हैं, तो निवेशक बॉन्ड या जमा को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि इनसे सुरक्षित रिटर्न मिलता है। लेकिन जब दरें कम होती हैं, तो सोना रखने की अवसर लागत कम हो जाती है, जिससे यह अधिक आकर्षक हो जाता है। साथ ही आसान मौद्रिक नीति अक्सर अमेरिकी डॉलर के मूल्य में गिरावट का कारण बनती है, क्योंकि अधिक डॉलर प्रचलन में होते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत डॉलर में तय होती है। कमजोर डॉलर विदेशी खरीददारों के लिए सोने को सस्ता बनाता है, जिससे मांग बढ़ती है। आसान मौद्रिक नीति मुद्रा आपूर्ति को बढ़ाती है और समय के साथ मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकती है। सोने को मूल्य के भंडार और मुद्रास्फीति के विरुद्ध बचाव के रूप में देखा जाता है। निवेशक अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए इसे खरीदते हैं। दूसरे, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते सोने को सर्वाधिक सुरक्षित निवेश माना जा रहा है। इतिहास में देखा गया है कि जब-जब युद्ध और संघर्ष की स्थिति आती है तमाम देश और लोग सोने में ही सर्वाधिक निवेश करने की प्रवृत्ति रखते हैं। यहां और रूस व यूक्रेन का युद्ध यथावत जारी है। साथ ही साथ इसराइल का इस्लामिक देशों के साथ ही संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में सोना ही सर्वाधिक सुरक्षित संपत्ति मानी जा रही है। तीसरे, दुनिया में अभी तक डॉलर को ही रिजर्व करेंसी के नाते सर्वाधिक मान्यता प्राप्त थी।

पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व में डॉलर का महत्व कम होना शुरू हो गया है। इस बीच यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा जब रूस के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग जब्त कर लिया गया तो उसके बाद से अमेरिका पर देशों का विश्वास टूटना शुरू हो गया है। शायद यही कारण है कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अब डॉलरों की बजाय ज्यादा से ज्यादा सोना रखना चाहते हैं। इसलिए उनके द्वारा सोने की खरीद में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, और यह प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, वैश्विक भंडार के रूप में डॉलर का हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2025 में 57.74 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। चौथे, मुद्रास्फीति और मुद्रा अवमूल्यन भी सोने की अधिक मांग का कारण बन रहे हैं। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो कागजी मुद्रा का वास्तविक मूल्य गिर जाता है। सोना, सीमित आपूर्ति वाली एक मूर्त संपत्ति होने के कारण, धन की रक्षा करने में सहयोग करता है।

**-डा. अश्वनी महाजन**
**पूर्व कालेज प्रोफेसर**

## राशिफल

**अश्विन माह, कृष्ण पक्ष तृतीया** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय। प्रेम-संतान का साथ। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
गृहकलह के संकेत हैं लेकिन छोटी-मोटी परेशानी दिख रही है। मां के स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। अपनों का साथ मिलेगा। नए व्यापार की शुरुआत कर सकते हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
अपनों का साथ होगा। थोड़ा सा जुबान पर काबू रखें और निवेश पर काबू रखें इसके अलावा स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय सताएगा। थोड़ा सा ऊर्जा का स्तर घटा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय के नए सोर्स बनेंगे और पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। मानसिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# भाजपाईयों ने देखा योगी आदित्यनाथ पर आधारित फिल्म 'अजेय'



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आईनॉक्स मॉल में क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र सिंह व हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष चैनपाल प्रधान व सामाजिक संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित फिल्म 'अजेय दी अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' को देखी। सभी साथियों के साथ बड़े ही उत्साहपूर्वक देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर दिनेश भाटी रजनी तोमर मोहित भाटी अमित भाटी राजू ऐचछर रविंद्र प्रधान हरेंद्र नागर सुशील शर्मा सुनील भाटी केडी गुर्जर अवनीश धर्मी भाटी नीरज नागर आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सर्वोदय अस्पताल द्वारा होंडा कंपनी के सीएसआर कार्यक्रम के तहत ऐचर गाँव में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में राजू भाटी (जिला मंत्री, गौतमबुद्ध नगर) का विशेष सहयोग रहा।



यह शिविर रामदास भगत जी प्लाज़ा में आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में रैंडम ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं प्रदान की गईं।

सर्वोदय अस्पताल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। इस अवसर पर अस्पताल की टीम ने ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक भी किया।

# विजय महोत्सव की धमाकेदार शुरूआत




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्री रामलीला कमेटी, ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित विजय महोत्सव 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत भक्ति व देशभक्ति संगीत नृत्य प्रतियोगिता का आगाज साइट-4 के सेंट्रल पार्क में विभिन्न स्कूलों और डांस एकेडमी के 700 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।*

कमेटी के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन कमेटी के सदस्यों ने यज्ञ करके व आज के कार्यक्रम के जजो द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने भक्ति और देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा और ताली बजाई।*

कमेटी के महासचिव बिजेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रेटर नोएडा के शहर और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों को प्रोत्साहित करना है। नृत्य प्रतियोगिता में 20 स्कूलों और 15 एकेडमी के 700 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और इस बार प्रतियोगिता में कुल 35 परफॉर्मेंस होंगी जिन्हें तीन श्रेणियों—भक्ति, देशभक्ति और अकादमी में बांटा गया है । सभी श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार वितरित किए जायेंगे ।

मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया कि खबर लिखने तक कार्यक्रम जारी था विजेताओं की घोषणा कार्यक्रम के उपरांत की जायेगी यह महोत्सव 23 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक चलेगा । 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर ऑपरेशन सिन्दूर पर विशेष प्रस्तुति का आयोजन होगा।

इस अवसर पर सरदार मंजीत सिंह, बिजेन्द्र सिंह आर्य, धर्मपाल भाटी, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, कुलदीप शर्मा , कमल सिंह आर्य हरेंद्र भाटी, के के0 शर्मा, अमित गोगल, मुकेश शर्मा, मुकुल गोयल,अरुण गुप्ता, रमेश गोयल,चाचा हिंदुस्तानी ,सुनील प्रधान, अजय रामपुर,गिरीश जिन्दल ,अतुल जिन्दल ,विशाल जैन , मनोज यादव,श्यामवीर भाटी , दीपक भाटी, श्रीचंद भाटी, विकास भाटी, रिंकू भाटी, अंकुर गर्ग टी पी सिंह, प्रभाकर देशमुख, प्रमोश मास्टर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

श्री धार्मिक रामलीला कमेटी

# भगवान श्री राम की भव्य रामलीला का शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा गोस्वामी सुशील महाराज की दिशा निर्देशन में तथा अध्यक्ष आनंद भाटी के मार्गदर्शन में भगवान श्री राम की लीला का मंचन बड़े ही धूमधाम से और पूर्ण भक्तिमय वातावरण के साथ आज प्रारंभ हुआ है।



अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया कि आज मंचन मुख्य रूप से प्रथम पूज्य गणेश जी के साथ प्रारंभ हुआ और भगवान शिव और माता विवाह के साथ कुछ और महत्वपूर्ण लिलाओं का दर्शकों को सुख प्राप्त हुआ। आज के मंचन की सभी दर्शकों ने बहुत सराहना की और पूरा परिसर भगवान श्री राम के जयकारे से गूंजायमान रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी तथा भारतीय जनता पार्टी के गौतम बुद्ध नगर जिला अध्यक्ष श्रीमान अभिषेक शर्मा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य संस्थापक परम पूज्य गोस्वामी सुशील जी महाराज, संस्थापक एडवोकेट राजकुमार नागर, पंडित प्रदीप शर्मा, शेर सिंह भाटी, हरवीर मावी, मुख्य संरक्षक नरेश गुप्ता, संरक्षक सुशील नागर, धीरेंद्र भाटी, मनोज गुप्ता, सतीश भाटी, दिनेश गुप्ता, पवन नागर, बालकिशन सफीपुर, धीरज शर्मा, अध्यक्ष आनंद भाटी, महासचिव श्रीमती ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश शर्मा बदौली, सुभाष भाटी, उमेश गौतम, योगेंद्र भाटी, मनीष डाबर, श्रीमती रोशनी सिंह, चैन पाल प्रधान, मीडिया प्रभारी अतुल आनंद ,उपाध्यक्ष जितेंद्र भाटी, सत्यवीर मुखिया, फिरे प्रधान, पी पी शर्मा, सुनील बंसल, महेश कमांडो, सचिव एडवोकेट विमलेश रावल, श्रीमती ज्योति सिंह, वीरपाल मावी, जयदीप सिंह, श्रीमती गीता सागर, यशपाल नागर, तेजकुमार भाटी उपस्थित रहे।

# किसान एकता महासंघ का हुआ संगठन विस्तार



**बुलंदशहर।** किसान एकता महासंघ की बैठक डीएम कॉलोनी बुलंदशहर में रघुराज सिंह ठेकेदार के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना की मौजूदगी में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता राजवीर ठेकेदार सिलारपुर ने की एवं संचालन जिला अध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी ने किया इस दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मांगेराम प्रधान ने बताया बैठक में गंगा नदी में आई बाढ़ से किसाने की फसलों के हुए नुकसान को लेकर चर्चा हुई बाढ़ से हुए किसानों के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने के लिए जल्द ही जिलाधिकारी बुलंदशहर को ज्ञापन सोपा बैठक के दौरान संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें रघुराज ठेकेदार को जिला संयोजक बुलंदशहर, भूपेंद्र चौधरी को बुलंदशहर नगर संरक्षक, संदीप को बुलंदशहर नगर अध्यक्ष,अनेक कुमार नगर उपाध्यक्ष,उमेश कुमार नगरसचिव, कुलदीप कुमार को तहसील अध्यक्ष बुलंदशहर, लोकेश कुमार को युवा तहसील अध्यक्ष बुलंदशहर, सलेक कुमार को युवा तहसील उपाध्यक्ष बुलंदशहर, सोनू को महानगर सचिव बुलंदशहर, सुनील, विवेक,रोबिन, एवं कृष्ण कुमार को महानगर बुलंदशहर कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से संगठन हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई इस मौके पर रमेश कसाना,ओमकार नागर,अमित नागर, मास्टर इंद्रपाल सिंह,राजवीर ठेकेदार, कर्मवीर भाटी,मांगेराम प्रधान, रज्जाक ठेकेदार,अरविंद सेक्रेटरी, सावित्री देवी, मंजू देवी, बबली कुमारी, एनजी चौहान, इस्लाम ढाकोली बुलंदशहर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# आजम खान की रिहाई पर सपाईयों में बांटी मिठाई



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जेल से रिहाई होने की खुशी में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा जिला कार्यालय, सूरजपुर, बेगमपुर, दादरी, बिलासपुर, जहाँगीरपुर, जेवर दनकौर आदि स्थानों पर मिठाई वितरण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि मौहम्मद आजम खां की बढ़ती लोकप्रियता और कद से घबराकर भाजपा ने उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवाया था। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई, माननीय न्यायलय पर सभी समाजवादियों को भरोसा था, हमें विश्वास की जल्दी ही मोहम्मद आजम खान इन झूठे आरोपों से बरी होंगे। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष की भावना से कम कर रही है। यहां एक और भाजपा के मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों से मुकदमे वापस लिए जा रहे हैं वहीं आजम खान जैसे ईमानदार नेता पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजम खान की जेल से रिहाई के बाद समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। मिठाई वितरण करने वाले में मुख्य रूप से मेहंदी हसन, अकबर खान, अनीस अहमद, चौधरी हसरूद्दीन, राहुल चौधरी, अब्दुल हमीद, यूनुस खां, नदीम सलमानी, देवेन्द्र वर्मा, गजेन्द्र यादव, कपिल ननका, जाने आलम नूरी, हारून सैफी, रिजवान हैदर, नूरा प्रधान, नवाव कुरैशी, जाकिर जेडी, डॉ जावेद, मुजमिल चौधरी, योगेंद्र चौधरी,आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा अस्पताल की ओर से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को अमल में लाने और चुनौतियों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयु शारदा मेजबानी कर रहा है। सम्मेलन में वरिष्ठ स्वास्थ्य पेशेवरों,प्रशासकों, नीति विशेषज्ञों और सरकारी प्रतिनिधियों ने चर्चा की। जिसका उद्देश्य लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में प्रगति का मूल्यांकन करना और भविष्य के लिए चुनौतियों और समाधानों पर विचार-विमर्श करना है। इस सम्मेलन में योजना के विभिन्न पहलुओं जैसे कि लाभार्थियों के पंजीकरण, स्वास्थ्य लाभ पैकेजों की उपलब्धता, अस्पतालों के साथ समन्वय, और दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा की गई।



कमिटी चेयरमैन ने कहा कि यह सम्मेलन एबी-पीएमजेएवाई के समग्र लक्ष्यों पर केंद्रित है, जिसमें गरीब और कमजोर परिवारों को वित्तीय स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करना शामिल है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में शारदा अस्पताल जो कार्य कर रहा है वह उल्लेखनीय है। ग्रुप के चेयरमैन तारीफ करते हुआ कहा कि उनकी लीडरशिप की वजह से इतने सफल हुए है। योजना से लाभ नही मिलता ये तो लोगों की सेवा करना है। प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान योजना को लागू करने में बहुत चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। यह योजना पूरे विश्व बहुत बड़ी है। इस योजना आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों को फायदा हो रहा है। किसी भी योजना को धरातल पर लाने के लिए वक्त की जरूरत होती है।

# भाकियू लोकशक्ति का धरना जारी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मनवीर सिंह की अध्यक्षता में तथा मास्टर श्यौराज राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का अनिश्चितकालीन धरना गांव रौनीजा पर जारी रहा। धरना स्थल पर बैठे किसानों ने कहा कि यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारी लगभग दो माह से चल रहे धरने के प्रति रुखा व्यवहार जाहिर किया जा रहा है न तो किसानों की किसी भी मांग को मानने के लिए तैयार हो रहे हैं और न ही वार्ता करने को तैयार हैं।यह प्राधिकरण के अधिकारियों का व्यवहार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं होना दर्शाता है जिसके कारण धरना रत किसानों में यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रति नाराज़गी है और रोष व्याप्त है किसानों ने कहा जब तक हम कोई कठोर कदम धरने से नहीं उठाएंगे तब तक अधिकारियों की नींद खुलने वाली नहीं है। आज़ के धरने पर गिर्राज सिंह गज़ब सिंह,रौदास सिंह,राजन सिंह, टिंकू भाटी सुनिल भाटी,अनिल भाटी बब्बल सिंह धर्मवीर सिंह शिवचरनी, रन्नु आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राइंडर एप के चक्कर में पड़ गए लेने के देने

**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्राइंडर एप के जरिए मिलने पहुंचे एक युवक को लेने के देने पड़ गए। युवकों ने उससे मोबाइल फोन और स्कूटी छीन ली और फरार हो गए। पीड़ित ने थाना फेस-3 में तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले प्रमोद कुमार (काल्पनिक काम) में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने ग्राइंडर एप के माध्यम से आदित्य, विक्की और किशोर से संपर्क किया। तीनों युवकों ने उसे 23 सितंबर को व्हाट्सएप नंबर से अपनी लोकेशन भेजकर उसे मिलने के लिए बुलाया। मोबाइल पर भेजी गई लोकेशन के जरिए वह गढ़ी चौखंडी गांव के पास पहुंचा। यहां मौजूद आदित्य, विक्की, किशोर उसकी जुपिटर स्कूटी व मोबाइल फोन को छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# रूसी निवेशकों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ग्रेटर नोएडा




**ग्रेटर नोएडा।** रूस के अलग-अलग कंपनियों के लगभग 30 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा पहुंचा। ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा। आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भ्रमण किया। यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव और एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ बैठक की। प्राधिकरण और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर पर प्रस्तुतिकरण को देखा। प्रतिनिधिमंडल को इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब (एमएमएलएच) और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) के बारे में जानकारी दी गई।

प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक है। यह प्लग एंड प्ले सिस्टम पर बसाई गई है। उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को बहुत ही कम समय में भूखंड आवंटित किया जाएगा। उद्योग लगाने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित कर दी गई हैं। भूखंड आवंटित होते ही उद्यमी उद्योग लगा सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी के करीब होने के साथ ही यह टाउनशिप रोड, रेल व एयर कनेक्टीविटी के मामले में अन्य शहरों बहुत बेहतर है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि एमएमएलएच और एमएमटीएच प्रोजेक्ट को शीघ्र लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का दौरा भी किया। आईआईटीजीएनएल की प्रीति शर्मा और महावीर सजवान ने प्लग एंड प्ले सिस्टम, ऑटोमेटेड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, विद्युत सबस्टेशन आदि सुविधाओं का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने हायर कंपनी का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा में निवेश की इच्छा जताई।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# सपा नेता आज़म खाँ की रिहाई पर सपा में जश्न का माहौल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और पूर्व लोकसभा सदस्य आजम खाँ की 23 महीने बाद जेल से हुई रिहाई की ख़ुशी में सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सपा के वरिष्ठ नेता कुँवर बिलाल बर्नी के यहाँ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियाँ मनाई।



इस अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने कहा कि मोहम्मद आज़म खाँ की रिहाई नवरात्रों के शुभ अवसर पर होना असत्य पर हुई सत्य की जीत है। इस मौके पर सपा नेता कुँवर बिलाल बर्नी ने कहा कि आजम खाँ की रिहाई देश की न्यायपालिका पर और अत्यधिक विश्वास पैदा करती है। हमें पूरा विश्वास है कि भविष्य में आजम खाँ सभी मुकदमों में निर्दोष साबित होंगे। इस अवसर पर सपा नेता नूरउल हसन, परवीन डेढ़ा, रोहित, सुदेश भाटी, ज्ञानी कुमार, नीटु शर्मा, पवन चौधरी, आदि समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



# 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025' के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी, हेल्प लाइन नंबर भी जारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 शुरू होने वाला है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 को लेकर जिला प्रशासन के साथ ही गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने भी तैयारी कर ली है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में वीवीआईपी मूवमेंट भी होगा। 25 सितंबर से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोमार्ट में चलने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में पहुंचने के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था के लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। यातायात पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी में सुरक्षित यातायात व्यवस्था का पूरा प्लान बताया गया है। यातायात पुलिस ने बाकायदा हेल्प लाइन नंबर- 9971009001 भी जारी किया है।

**यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के लिए खास पार्किंग व्यवस्था**

ग्रेटर नोएडा में स्थित इंडिया एक्सपोमार्ट सेंटर में 25 सितंबर से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में आने वाले विशिष्ट अतिथियों व आम दर्शकों के वाहनों की पार्किंग की खास व्यवस्था की गई है। यातायात एडवाजरी के मुताबिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले विशिष्ट कार्ड धारकों के वाहन एक्सपोमार्ट गेट न0 01 से प्रवेश कर ड्रॉप करने के उपरान्त खाली वाहन गेट न0 01 से बाएँ टर्न कर स्टेलर जिम खाना तिराहा से बाएँ टर्न कर स्टेलर जिमखाना क्लब में 'पार्क' होगे। इन्टरनेशनल बायर्स / डेलीगेशन को लेकर आने वाले वाहन (बसें व इनोवा) गेट न0 02 पर ड्रॉप करने के उपरान्त एक्सपेमार्ट गोलचक्कर होकर के0बी0 मार्ट तिराहा से बाये टर्न कर स्टेलर जिम खाना तिराहा से बाएँ टर्न कर योगी गोलचक्कर से दाहिने टर्न कर बडा गोलचक्कर/नासा गोलचक्कर में वाहन 'पार्क' होगें। एक्सपोमार्ट गेट नं0-03 व 04 से प्रवेश करने वाले आगन्तुकों के वाहन गेट न0 03 व 04 पर ड्रॉप कर एक्सपोमार्ट गोलचक्कर से के0बी0 मार्ट तिराहा से सर्विस मार्ग होकर स्टेलर जिमखाना क्लब तिराहा से बाये टर्न कर योगी गोलचक्कर से नासा पार्किंग में वाहन 'पार्क' किए जाएंगे। एक्सपोमार्ट गेट नं0-05 व 06 से प्रवेश करने वाले आगन्तुकों के वाहन एक्सपोमार्ट गोलचक्कर से नासा डबल यू-टर्न से यू-टर्न कर नासा गोलचक्कर से एक्सपोमार्ट गेट नं0-04 व 03 की ओर उतरने वाले कट से सर्विस रोड होकर सर्विस रोड तिराहा से बाये टर्न कर गेट न0 05 व 06 पर ड्रॉप कर योगी गोलचक्कर से बायें टर्न कर नासा गोलचक्कर में बनी पार्किंग में वाहन 'पार्क' होगे।

**पी-पासधारकों ( मीडिया बन्धु ) :** एक्सपोमार्ट गोलचक्कर से नासा डबल यू-टर्न से यू-टर्न कर नासा गोलचक्कर से एक्सपोमार्ट गेट नं0-04 व 03 की ओर उतरने वाले कट से सर्विस रोड होकर सर्विस रोड तिराहा से बाये टर्न कर गेट नं0 05 पर ड्राप कर योगी गोलचक्कर से बायें टर्न कर नासा गोलचक्कर में बनी पार्किंग में वाहन 'पार्क' होगे। **सामान्य आगुन्तक एवं डियूटी पर लगे पुलिसकर्मी :** अपने वाहनों को बडा गोलचक्कर/नासा में 'पार्क' कर पैदल / शटल द्वारा गन्तव्य को जायेगे। नासा गोलचक्कर पार्किंग में लगभग 8000 से 10000 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था है।

**शो के लिए बनाई वैकल्पिक पार्किंग**

ग्रेटर नोएडा में स्थित इंडिया एक्सपोमार्ट सेंटर में 25 सितंबर के लिए नोएडा की यातायात पुलिस ने वैकल्पिक पार्किंग की भी व्यवस्था की है। यातायात पुलिस ने केसीसी कॉलेज में (150 वाहनों) जुबलिएंट रिचर्स सेंटर (125 वाहन) आईटीएस कॉलेज में (80 वाहन ) ट्री निजी कॉलेज (150 वाहन) कलाधाम सोसायटी (400 वाहन) स्टेलर जिमखाना (40 वाहन) नियर यूनाइटेड कॉलेज (250 वाहन) तथा योगी गोलचक्कर से कौशाल्य चौक तक (400-500 वाहनों) को पार्किंग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के 25 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजन के दौरान नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे तथा कार्यक्रम स्थल इंडिया एक्सपोमार्ट सेंटर के आसपास आज (बुधवार) 2025 से 29 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन समय प्रात: 07:00 बजे से रात्रि 23:00 बजे तक नारी मालवाहक वाहन मध्यम मालवाहक वाहन और हल्के मालवाहक वाहन का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।




## ग्रेटर नोएडा एक्सपोमार्ट तक पहुंचने के लिए प्रस्तावित मार्ग

यातायात पुलिस ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर एक्सपोमार्ट जाने वाले वाहन हिन्डन कट से सर्विस रोड होकर संस्कृति मंत्रालय तिराहा से पुस्ता रोड होकर एक्यूरेट कालेज तिराहा से नासा (बडा) गोलचक्कर में बनी पार्किंग में व्यवस्थित रूप से वाहन पार्क कर एक्सपोमार्ट जा सकेगे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर एक्सपोमार्ट जाने वाले वाहन गलगोटिया कट से एक्सपोमार्ट गोलचक्कर होकर नासा (बडा) गोलचक्कर में बनी पार्किंग में व्यवस्थित रूप से वाहन पार्क कर एक्सपोमार्ट जा सकेगे। सूरजपुर की ओर से आने वाले वाहन एलजी गोलचक्कर से शारदा गोलचक्कर होकर नासा (बडा) गोलचक्कर में बनी पार्किंग में व्यवस्थित रूप से वाहन पार्क कर एक्सपोमार्ट जा सकेगे। परीचौक की ओर से आने वाले वाहन एलजी गोलचक्कर से शारदा गोलचक्कर होकर नासा (बडा) गोलचक्कर में बनी पार्किंग में व्यवस्थित रूप से वाहन पार्क कर एक्सपोमार्ट जा सकेगे। परीचौक की ओर से आने वाले वाहन जगतफार्म गोलचक्कर से ईशान कालेज के पास सर्विस रोड होकर जीएल बजाज की ओर जाने वाले मार्ग से नासा (बडा) गोलचक्कर में बनी पार्किंग में व्यवस्थित रूप से वाहन पार्क कर एक्सपोमार्ट जा सकेंगे। नासा (बडा) गोलचक्कर के अन्दर बनी पार्किंग की क्षमता समाप्त होने पर के0सी0सी0, जुबलिएन्ट, यूनाइटेड कॉलेज परिसर में बनी पार्किंग को वैकल्पिक पार्किंग के रूप में प्रयोग किया जायेगा।

यूपी इन्टरनेशल ट्रेड शो कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात पार्किंग स्थल से वाहन निम्नांकित मार्गों का प्रयोग कर अपने गंतव्य तक जा सकते हैं। यातायात पुलिस ने एडवाजरी दी है कि एक्सपोमार्ट में कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त कोई भी वाहन पार्किंग स्थल से एक्सपोमार्ट की ओर नहीं जायेगा। सभी वाहन पार्किंग से निकलकर शारदा गोलचक्कर, एलजी गोलचक्कर, सूरजपुर, कच्ची सडक तिराहे से कुलेशरा, फेस-2, ककराला से सोरखा पर्थला / किसान चौक या भंगेल, बरौला, सैक्टर 37 होकर गन्तव्य को जा सकेंगे। दिल्ली/गाजियाबाद जाने वाले वाहन पार्किंग स्थल से शारदा गोलचक्कर, एलजी गोलचक्कर, साकीपुर गोलचक्कर, तिलपता गोलचक्कर, दादरी होकर एनएच-24/09 से गन्तव्य को जा सकेंगे। ईस्टर्न पेरिफेरल जाने वाले वाहन पार्किंग स्थल से शारदा गोलचक्कर, एलजी गोलचक्कर, साकीपुर गोलचक्कर से 130 मीटर रोड होकर सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर गन्तव्य को जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेस-वे जाने वाले वाहन पार्किंग स्थल से शारदा गोलचक्कर, एलजी गोलचक्कर, आस्याना गोलचक्कर, डेल्टा-3 गोलचक्कर, बीटा 2 गोलचक्कर, लेबर चौक, डेल्टा-01 गोलचक्कर से आईटीबीपी गोलचक्कर, पी-3 गोलचक्कर, आईएफएस विला गोलचक्कर से जीरो प्वाईट से यमुना एक्सप्रेस-वे होकर गन्तव्य को जा सकेंगे।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे : गौतमबुद्धनगर से भारी मालवाहक वाहन, मध्यम मालवाहक वाहन

हल्के मालवाहक वाहन का संचालन नो एन्ट्री के प्रावधानों के साथ अन्य प्रान्त या अन्य जनपद के सामान्य आवागमन के लिए निम्न मार्गों का प्रयोग कर एन0एच0-24, एन0एच0-91 का प्रयोग कर गन्तव्य को जा सकेगें। जनपद मेरठ, हापुड, गाजियाबाद, से ईस्टर्न पेरिफेरल द्वारा बील अकबरपुर से जनपद आगरा, मथुरा, लखनऊ व अन्य प्रान्तों में जाने के लिए एन0एच0-91 का प्रयोग करेगें। पलवल से ईस्टर्न पेरीफेरल द्वारा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर अन्य स्थानों पर जाने वाले वाहन एनएच-24/91 होकर गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। गौतमबुद्धनगर के आन्तरिक मार्गों पर मालवाहक वाहनों के संचालन नो एन्ट्री के प्रावधानों के साथ सामान्य आवागमन की अनुमति नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्ध के साथ रहेगी।

## भारी / मध्यम/हल्के माल वाहक वाहन इन रास्तों का करें इस्तेमाल

यातायात पुलिस ने एडवाजरी दी है कि ट्रेड शो के दौरान भारी-हल्के व मध्यम मालवाहक वाहन इन रास्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**चिल्ला बॉर्डर :** दिल्ली राज्य से चिल्ला रेड लाइट (बॉर्डर) से प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर एनएच-09/24 से एनएच-91 व ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।

**डीएनडी बॉर्डर :** दिल्ली राज्य से डीएनडी (बॉर्डर) से प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर एनएच-09/24 से एनएच-91 व ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।

**कालिन्दी बॉर्डर :** दिल्ली राज्य से कालिन्दी कुंज यमुना (बॉर्डर) से प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन एनएच-09/24 से होकर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे एवं एन0एच0-91 होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेस-वे जेवर टोल की ओर से दिल्ली की ओर जाने वाले यातायात को जेवर टोल से पूर्व में ही बने यू-टर्न से अलीगढ़ की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात अलीगढ़, टप्पल होकर गन्तव्य को जा सकेगा। जेवर टोल पार करने के उपरान्त जेवर, जहांगीरपुर की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात खुर्जा, बुलन्दशहर होकर गन्तव्य को जा सकेगा। होण्डा सीएल चौक से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन होण्डा सीएल चौक से सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। सूरजपुर घण्टा चौक से परीचौक से यमुना एक्सप्रेस-वे व नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर अन्यत्र जाने वाले वाहन सूरजपुर घण्टा चौक से तिलपता गोलचक्कर से सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की और जा सकेंगे।

# भाजपा ने मनाया जीएसटी बजट उत्सव

**चेतना मंच**

**भदोही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुर गामी सोच के चलते जीएसटी पर काफी सुधार किया गया है वहीं पर 22 सितंबर नवरात्रि के प्रथम दिन से जीएसटी को कम दर पर लागू कर दिया गया और कही छूट दिया गया है वहीं पर राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय संगठन महासचिव अरुण सिंह केंद्र की सरकार और प्रदेश की सरकार के द्वारा की गई जीएसटी में राहत संबंधित व्यापारियों से मिलकर रोड पर दुकानों पर चलकर जीएसटी की उपलब्धियां के बारे में बताया और विषय की जानकारी दिया इस पर क्या-क्या छूट है इसका क्या फायदा मिलेगा सीधे जनता के बीच में लोगों के बीच में साझा किया वहीं पर राष्ट्रीय संगठन महासचिव अरुण सिंह ने सर्वप्रथम धौरहरा में शिव मंदिर के पीछे एक पेड़ मां के नाम लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की उसी के उपलक्ष में आगे बढ़ते हुए अजमुल्ला चौराहा पर कार्यकर्ताओं के साथ दर्जनों लोगों से जनसंपर्क किया और मोदी के द्वारा दिए गए जीएसटी में छूट को उसको दुकानदार उद्यमियों से मिलकर उसके बारे में विशेष




जानकारी दीया उसके पश्चात मुख्य अतिथि अरुण सिंह ने विस्तृत रूप से जानकारी दिया और कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी सुधार के लिए 3 सितंबर 2025 को 56 वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सुधरो का निर्णय लिया गया यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है इन सुधारो के तहत 5त्न और 18त्न की सरल दर संरचना लागू की गई है जबकि विलासिता और लग्जरी सामानों पर 40त्न की दर रखी गई है इससे पारदर्शिता न्याय संगत व्यवस्था और कर पालन में जिसमें पूर्व समाहीत पूरानी मांगों को पूर्ण किया गया है यह सुधार नवरात्रि की पहले दिन से ही लागू कर दिया गया है यह केवल आर्थिक कदम नहीं है यह बल्कि देश के लिए दिवाली का तोहफा है।

इससे करोड़ों परिवारों को बचत सीधे उनके हाथों में जाएगी जैसे दीपावली पर दीपक घरों के रोसन करते हैं वैसे ही एक सुधार घरों के खर्च कम करके किसानों को सशक्त बनाएंगे और कारोबार को गति देंगे इससे पूरे भारत में समृद्धि फैलेगी मुख्य बिंदु दो दरो की सरलता अब पुरानी चार स्तरिय व्यवस्था हटाकर सिर्फ पांच परसेंट 18त्न की दर रखी गई है जिससे भ्रम कानून झंझट और टैक्स भरने की सुविधा कायम होगी जनता को राहत मिलने वाले वस्तु और अन्य वस्तुओं पर भी लाभ होगा जैसे दूध पनीर शैंपू टूथ पेस्ट साबुन साइकिल और बच्चों के सामान जैसे जरूरी घरेलू सामान पर अब सिर्फ पांच परसेंट या शून्य कर लगेंगे इससे रोजमर्रा की खर्चे में कमी होगी किसानों को बढ़ावा ट्रैक्टर टायर कीटनाशसक और सिंचाई उपकरण पर कर हटाकर 5त्न कर दिया गया है।

कीटनाशक सिंचाई कार्यक्रम उपकरण पर घटकर 5त्न कर दिया गया है गाड़ियों और वाहनों छूट है 10 परसेंट कटौती जिससे वाहन खरीदने खरीदारों को आराम मिलेगा उपस्थित सांसद डॉक्टर विनोद बिंद पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष हौसला प्रसाद पाठक संतोष पांडे विनय श्रीवास्तव कार्यक्रम संयोजक अरविंद शुक्ला बृजेश गुप्ता प्रियंका जायसवाल गोवर्धन राय लालता प्रसाद सोनकर अशोक जायसवाल मनीष पांडेय तथा सम्मानित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राम हमारे आदर्श पुरुष है, राम ने एक बड़ा त्याग कर पिता की आज्ञा का पालन किया : हरिश्चंद्र भाटी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा मंगलवार को रामलीला के दूसरे दिनरामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व राज्य मंत्री हरिश्चंद्र भाटी ने कहा कि राम हमारे आदर्श पुरुष है, राम का बड़ा त्याग था, जब उसने पिता की आज्ञा का पालन किया और 12 साल जंगलों में रहकर जीवन व्यतीत किया, साथ ही उन्होंने कहा कि सुग्रीव, विभीषण को न्याय दिलाया तथा बाली को मूर्छित कर लंकेश्वर के साथ नीतिगत लड़ाई लड़ी, जिसमें उसने सत्य की जीत प्राप्त किया। साथही मर्यादा का पालन करते हुए माता सीता के लंका से लौटने के बाद आदर्श परीक्षा लेते हुए अग्नि परीक्षा लिया। राम की लीला से सब लोग भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा रामलीला एक ऐसा मंच है जिसमें पूरा परिवार एक साथ बैठकर रामलीला देख सकता है।

रामलीला के दूसरे दिन रामलीला संयोजक पंडित कृष्ण स्वामी ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ हुआ।

इतना ही नहीं मंगलवार को रामलीला में साधुओं का समूह गान, मारीच-सुबाहु दरबार, साधुओं को प्रताड़ित करना, विष्णु अवतार की घोषणा,श्री राम जन्म , वशिष्ट जी द्वारा नामकरण, बाल लीला, विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध ,सुबाहु वध, मारीच वध की लीला का मंचन किया गया।



इस अवसर पर रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों और रामलीला देखने आए रामलीला के दर्शकों का स्वागत किया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल सीएम डी प्रिया गोल्ड , वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सीए मनोज अग्रवाल, पं कृष्णा स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, सुशील कुमार सिंघल, पीयूष गोयल, कार्तिक मिश्रा, सुशील गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिन्हा, अभिषेक जैन, डॉ कपिल सिंघल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गौरव मित्तल, पवन अग्रवाल, नवीन सोनी, सौरभ अग्रवाल, बिमलेन्दु कुमार, सुनील जैन, गौरव छावड़ा, श्रीधर गोयनका, राम अवतार सिंह, अखिल जैन, विजय अग्रवाल, अरुण गोयल, विकास जैन, दीपांशु अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## क्या डिजिटल युग में अब भी 'कैश' है किंग?

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डिजिटल तकनीक और एआई के दौर में बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर में जबरदस्त बदलाव आया है। खासकर पेमेंट सिस्टम में क्रांति देखने को मिली है। 1960 के दशक में जहां नकद ही लेन-देन का प्रमुख जरिया था, वहीं 2000 के बाद स्मार्टफोन और इंटरनेट ने डिजिटल भुगतान को लोकप्रिय बना दिया। भारत में 2016 की नोटबंदी के बाद पेटीएम, गूगल पे और फोनपे जैसे एप्स के साथ-साथ एनपीसीआई द्वारा शुरू किया गया यूपीआई सिस्टम ने पेमेंट इंडस्ट्री की तस्वीर बदल दी। एनपीसीआई के मुताबिक यूपीआई ट्रांजेक्शन का मूल्य आज 25,08,498.09 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।



फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 2 मई 2025 तक देश में 38.1 लाख करोड़ रुपये नकद मुद्रा प्रचलन में रही, जो जीडीपी का 11.5त्न हिस्सा है और इसमें 2.4% की वृद्धि दर्ज हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत जैसे विकासशील देश में बड़ी आबादी के पास अब भी स्मार्ट डिवाइस और इंटरनेट की सुविधा नहीं है। यही वजह है कि कैश अब भी लोगों की पहली पसंद बना हुआ है।

विदेशों में भी नकद भुगतान की अहमियत बनी हुई है। अमेरिका में 67%, जर्मनी में 71% और ऑस्ट्रिया में 79% आबादी अब भी कैश से भुगतान करना पसंद करती है। निष्कर्ष साफ है— डिजिटल लेन-देन की तेजी के बावजूद नकद का महत्व कम नहीं हुआ है और आज भी कहा जा सकता है कि कैश इज़ स्टिल किंग।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दिल्ली के आश्रम ....**

श्रृंगेरी मठ एवं उसकी संपत्तियों की ओर से 04 अगस्त 2025 को दर्ज कराई गई।

04 अगस्त 2025 को पीए मुरली, प्रशासक, श्री श्रृंगेरी मठ ने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में यह भी लिखा गया कि संस्थान की कुछ महिला फैकल्टी और प्रशासनिक अधिकारी आरोपी की मांगों को पूरा करने के लिए छात्राओं पर दबाव डालते रहते हैं। इससे छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से उत्पीड़न झेलना पड़ता है। स्वामी के खिलाफ 17 छात्राओं ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच के दौरान कुल 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने आरोपी पर अपशब्द, अश्लील संदेश और शारीरिक संपर्क का आरोप लगाया है। छात्राओं ने बताया कि जब उन्होंने विरोध किया, तो कुछ फैकल्टी और प्रशासनिक अधिकारी उनके ऊपर दबाव डालते रहे. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आरोपी ने लंबे समय तक अपनी पहुंच बनाकर छात्राओं को डराने और दबाव में डालने का प्रयास किया। इससे पता चलता है कि मामला केवल एक घटना तक सीमित नहीं था, बल्कि लंबे समय से जारी था।

थाना वसंत कुंज नॉर्थ में कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है और जांच शुरू हुई। घटनास्थल और आरोपी के घर पर कई छापेमारी की गई. साथ ही, संस्थान के सीसीटीवी फुटेज देखे गए. जांच के दौरान आरोपी अब तक फरार है। पुलिस ने SRISIIM संस्थान से एनवीआर और हार्ड डिस्क बरामद कर फॉरेंसिक लैब (FSL) में भेजे धारा 183 बीएनएसएस के तहत 16 पीड़ित छात्राओं के बयान JMFC, पटियाला हाउस कोर्ट में दर्ज किए गए।

**चोरों के निशाने पर...**

खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं थाना फेस 3 में एक युवक ने अपने कमरे से लैपटॉप में मोबाइल फोन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लखीमपुर खीरी के रहने वाले सुभाष कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में मामूरा गांव स्थित सोनू पी जी भदोरिया होम में रह रहा है। 18 जुलाई को वह अपने कमरे में सोया हुआ था और दरवाजा खुला हुआ था। इस दौरान किसी व्यक्ति ने उसके कमरे से लैपटॉप मोबाइल फोन तथा 7 हजार रुपए चोरी कर लिए। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**जलापूर्ति बढ़ाने को...**

नवंबर दिसंबर में एक्सप्रेस वे से जुड़े सेक्टरों में भी गंगाजल की सप्लाई होने लगेगी। वहां 37.5 क्यूसेक गंगाजल सप्लाई का काम अंतिम चरण में है। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल मिल रहा है।

सप्लाई शुरू होने के बाद करीब 6 लाख लोगों को इसका फायदा होगा। बहरहाल सात नए रेनीवेल के लिए स्थान चिन्हित करने का किया जा रहा है। इसके बाद टेंडर जारी कर निर्माण की प्रकिया की जाएगी। बता दे एनसीआर में भू जल दोहन पर रोक है। ऐसे में बोरवेल का पानी प्रयोग नहीं करने वाला नोएडा पहला शहर बन जाएगा।

**महिला डॉक्टर ने पति...**

उनकी बेटी अपने पिता के डर में जी रही है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि उसके पति बच्ची को कई बार मारने की कोशिश कर चुके हैं। उनकी बच्ची इस कदर भयभीत है कि वह रात को भी नींद से जाकर रोने लगती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में सत्यजीत प्रसाद सिंह के खिलाफ घरेलू हिंसा और तलाक का मामला लंबित चल रहा है। पीड़िता की शिकायत पर थाना बीटा दो पुलिस ने आरोपी व अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**पिता पुत्री ने साजिश...**

त्रिलोकी नाथ और पूनम शर्मा उपरोक्त संपत्ति के मालिक नहीं है बल्कि असल मालिक को भी धोखे में रखकर संपत्ति की खरीद फरोक का फर्जी बड़ा कर रहे हैं। इस बात की जानकारी मिलने पर उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें असल मालिक से मिलने और संपत्ति की नई डील करने का झांसा देकर 50 लाख रुपए ले लिए। चरणजीत अरोड़ा का आरोप है कि पिता पुत्री ने फर्जीवाड़ा करते हुए उन्हें नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से प्रॉपर्टी का एक तीसरा अनुबंध भी कर दिया। दोनों आरोपी अब उससे 3 करोड रुपए की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। न्यायालय में प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। न्यायालय के निर्देश पर थाना सेक्टर 24 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है

**अधिवक्ता पर.....**

चालक के चंगुल से बचाया। मौका पाकर चालक वहां से फरार हो गया।

अधिवक्ता अमरेश पाल सिंह के मुताबिक उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी और राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचकर अपना प्राथमिक उपचार कराया। थाना सेक्टर-63 प्रभारी ने बताया कि अधिवक्ता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कैंटर नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

**मैनेजर पर जानलेवा...**

बंटी को अधमरा करने के बाद हमलावर अपनी कार में बैठकर फरार हो गए। किसी तरह बंटी ने अपने परिजनों व पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। बंटी के मुताबिक, उसके ऑफिस में गार्ड की नौकरी करने वाले दीपक ने उस पर यह हमला करवाया है। दीपक ने दो दिन पहले उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी दीपक और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## खास खबर

### अंतिम वनडे में धीमी ओवर गति के लिए महिला टीम पर जुर्माना



**नई दिल्ली :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया, जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे। समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा। आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया।

### ग्रेस हैरिस महिला विश्व कप से बाहर हीथर ग्राहम लेंगी जगह

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में खेलने का इंतजार जारी है क्योंकि पिंडली में खिचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैरिस को शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में वापसी का उनका पहला मैच था। हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को नियुक्त किया है, जो बुधवार और गुरुवार (24 और 25 सितंबर) को महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पहले दो मैचों के बाद भारत में ऑस्ट्रेलिया से जुड़ेंगी। हैरिस 2022 में होने वाले वनडे विश्व कप का हिस्सा थीं, लेकिन एक भी मैच में नहीं खेल पाईं।

### विश्व कप की चुनौती के लिए दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम तैयार

**दुबई :** दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप अभियान की शुरुआत में अब बस एक हफ्ते से ज्यादा का समय बचा है, ऐसे में कप्तान वोल्वार्ट और उनकी टीम बेहतर परिणाम हासिल करने के प्रति आश्वस्त हैं। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान में श्रृंखला जीत के बाद इस टूर्नामेंट में उतरेगा। हाल के वर्षों में, प्रोटियाज आईसीसी प्रतियोगिताओं में सफलता के करीब पहुंच गया है, पिछले दो एकदिवसीय विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंचा है और लगातार दो आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में उपविजेता रहा है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान ने कहा कि हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और पिछले आईसीसी आयोजनों से बहुत कुछ सीखा है। पिछले कुछ एकदिवसीय विश्व कप में, हम सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं।

### दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

**हांगकांग :** क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। अपने विशाल अंतरराष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा। इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी।

### काउंटी सीजन के अंतिम चैंपियनशिप मैच के लिए सरे से जुड़े राहुल चाहर

**लंदन :** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर इस हफ्ते यूटिलिटा बाउल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी मैच के लिए सरे से जुड़ गए हैं, जहां क्लब लगातार चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 26 वर्षीय चाहर को ईसीबी के नियमों के अनुसार, सितंबर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की जरूरत नहीं थी। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में सरी को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि ख़िताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिंघमशायर के हाथ में चला गया। चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे हैं और इस सीजन के आईपीएल में भी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प के रूप में एक बार नजर आए। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26.12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है।

### बीबीएल में खेल सकते हैं अश्विन



**नई दिल्ली :** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरुष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आखिरी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं। इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी-20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए-20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था।

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत

## सुपर फोर में आज बांग्लादेश से होगा मुकाबला, सूर्या पर होंगी निगाहें





● दुबई,

**प्रशंसकों**, तैयार हो जाइए, क्योंकि आज रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी-20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत खुश हो रहा है। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो। पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन। टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं - ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं। संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं। ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी। इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुमराह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें - उनके पास तूफानी गेंदबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं - वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाकेदार पारी खेलना पसंद है। गेंदबाजी : मुस्तफिजुर रहमान - द फिज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो : दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है - शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहाँ सात में से पांच मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है। मौसम : गर्मी, चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ। तो फैसला क्या है : भारत प्रबल दावेदार है - अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा। बांग्लादेश के पास मैच में उलटफेर करने के लिए हथियार हैं, खासकर अगर उनके गेंदबाज कमाल कर दें, लेकिन इतिहास उनके खिलाफ है। भारत इस प्रतिद्वंद्विता में सालों से दबदबा बनाए हुए है, और मौजूदा फॉर्म को देखते हुए, उन्हें यह सिलसिला जारी रखना चाहिए। लेकिन थोड़े : बहुत नाटक की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। दुबई में रात में दूधिया रोशनी में होने वाला यह मैच, दर्शकों का शोरगुल होगा, और बांग्लादेश टक्कर देगा। रन, विकेट और आतिशबाजी की उम्मीद करें।

भारत शुरुआत में प्रबल दावेदार होगा लेकिन टी-20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। गाड़ी स्टार्ट करो। भारत की संभावित प्लेइंग : अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन/जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती। बांग्लादेश की संभावित प्लेइंग : सैफ हसन, तंजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, जेकर अली, महेदी हसन, नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, शरीफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ बुमराह को आराम दे सकता है भारत

**मुंबई,** : आज भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगा, जो 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। यह चयन भ्रामक रूप से पेचीदा है, क्योंकि भारत पहली बार आर अश्विन के संन्यास का पूरा असर महसूस करने वाला है (उन्होंने अपने करियर के दौरान भारत के 65 घरेलू टेस्ट मैचों में से एक भी नहीं छोड़ा), जसप्रीत बुमराह के कार्यभार को अभी भी प्रबंधित करने की आवश्यकता है, और पिछले साल न्यूजीलैंड से मिली अप्रत्याशित, अभूतपूर्व 3-0 की हार से जुड़े सवाल अभी भी मंडरा रहे हैं। यहां कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब अजीत अगरकर की चयन समिति को देना होगा। बुमराह को चुनें या उन्हें आराम दें? अहमदाबाद में पहला टेस्ट एशिया कप के फाइनल के चार दिन बाद शुरू होगा, जिसमें भारत के खेलने की शानदार संभावना है। उनकी एशिया कप टीम के चार सदस्य टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, अक्षर पटेल, कुलदीप और बुमराह आमतौर पर घरेलू सीरीज के लिए टेस्ट टीम में चुने जाते हैं, लेकिन उनमें से एक के लिए परिस्थितियां सामान्य से बहुत दूर हैं।

### भारत के खिलाफ मैच से पहले लिटन दास के चोटिल होने की आशंका

**दुबई,** : बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाईं ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजिद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया। बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हम उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा। हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है। बांग्लादेश ने अपने सुपर 4 अभियान की शुरुआत श्रीलंका पर शानदार जीत के साथ की और आज उसका सामना टूर्नामेंट से सबसे ताकतवर टीम से होगा।



**स्वागत :** नई दिल्ली में मंगलवार को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के 76वें राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में चीनी राजदूत शू फेहांग के साथ भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारिणी के सदस्य और गॉडविन ग्रुप के निदेशक भूपेंद्र सिंह बाजवा।

# पाकिस्तानी गेंदबाजों ने दिखाया दम

## सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका को पांच विकेट से हराया



**अबूधाबी,** : श्रीलंका ने एशिया कप 2025 के तीसरे सुपर-4 मैच में पाकिस्तान को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में पाकिस्तान की टीम ने 18 ओवर में 5 विकेट पर जीत हासिल कर ली। 12वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद हारिस (13 रन) को दुष्मंथा चमीरा ने बोल्ड किया। वानिंदू हसरंगा ने 9वें ओवर में कप्तान सलमान अली आगा (5 रन) और 7वें ओवर में सईम अयूब (2 रन) को आउट किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में महीश तीक्षणा ने फखर जमान (17 रन) और साहिबजादा फरहान (24 रन) को कैच आउट कराया। अबूधाबी के शेख जायद स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। श्रीलंकाई टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 133 रन बनाए। चमिका करुणारत्ने 17 रन पर नाबाद लौटे। कमिंडू मेंडिस ने 44 गेंद पर 50 रन की पारी खेली। कप्तान चरिथ असलंका ने 20 रन बनाए। कुसल परेरा और वनिंदू हसरंगा ने एक समान 15-15 रन जोड़े। पाक की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने 3 विकेट झटके। हारिस रऊफ और तलत हुसैन को 2-2 विकेट मिले।

# डेम्बेले-बोनमाटी बने 2025 बैलन डी ओर विजेता

## 28 वर्षीय डेम्बेले ने पहली बार पुरुषों का बैलन डी ओर पुरस्कार प्राप्त किया

### बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी ओर जीता



● पेरिस,

**पेरिस** सेंट-जर्मेन के ओस्मान डेम्बेले और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐताना बोनमाटी ने पेरिस के थिएटर डू चैटलेट में 2025 बैलन डी ओर पुरस्कार जीते।

पिछले सीजन में पीएसजी के पहले यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद, 28 वर्षीय डेम्बेले ने पहली बार पुरुषों का बैलन डी ओर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 35 गोल किए, जिसने लीग 1 और कूप डी फ्रांस भी जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी का धन्यवाद। मेरे साथ जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय है। मैं निःशब्द हूं। पीएसजी के साथ यह एक अद्भुत सीजन रहा है। मैंने अविश्वसनीय चीजों का अनुभव किया है, और मैं थोड़ा नर्वस हूं, यह आसान नहीं है। 27 वर्षीय बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी ओर जीता और मिशेल प्लाटिनी (1983-85) और लियोनेल मेसी (2009-12) के बाद इतिहास में तीन बार यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने बार्सिलोना के लीग और चैंपियंस लीग अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गोल और असिस्ट के मामले में अपनी टीम का नेतृत्व किया। वह स्पेन की साथी मैरियोना काल्डेंटे और इंग्लैंड की फॉरवर्ड लॉरेन जेम्स से आगे रहीं। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा लगातार तीसरा वर्ष है, और मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं। यह अविश्वसनीय है। मुझे यह पुरस्कार देने के लिए फ्रांस फुटबॉल का धन्यवाद, जो आसानी से आप में से किसी को भी मिल सकता था। अगर मैं इसे साझा कर सकती, तो करती। समारोह के दौरान प्रदान किए गए अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए कोपा ट्रॉफी शामिल थी, जिसे लामिन यामल और विकी लोपेज ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी इतालवी गोलकीपर डोनारुम्मा और चेल्सी की हन्ना को प्रदान की गई। क्लब और देश भर में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और बार्सिलोना की फॉरवर्ड इवा पाजोर को महिला वर्ग में प्रदान की गई। पीएसजी के कोच लुइस को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच का पुरस्कार मिला, जबकि इंग्लैंड की सरीना को महिला वर्ग का समकक्ष पुरस्कार मिला।

### मानव सुथार का पंजा ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर बनाए 350 रन

**लखनऊ, ब्यूरो :** ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 350 रन बना लिए। भारत ए की तरफ से मानव सुथार ने पांच विकेट झटके। भारत ए ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ए की तरफ से कप्तान नेथन मैकस्वीनी ने 74 और जेक एडवर्ड्स ने 88 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सैम कॉन्स्टास ने 49, जॉश फिलिपे ने 39 और ऑलिवर पिक ने 29 रन की पारियां खेलीं। स्टंप्स के समय टॉड मर्फी 29 और हेनरी थॉर्नटन 10 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत ए की तरफ से मानव सुथार ने 28 ओवर में 93 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि गुरनूर बरार को 71 रन पर दो विकेट मिले। सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के हिस्से में एक-एक विकेट आया और भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसके चलते मानव ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को आसानी से रन नहीं बनाने दिए।

# 1900 सालों से ज्यादा पुराना है कैमूर का मुंडेश्वरी माता मंदिर, यहां दी जाती है सात्विक बलि





भारत में देवी के कई प्राचीन मंदिर हैं। सभी की अपनी-अपनी विशेषता है। बिहार के कैमूर जिले में ऐसा ही एक मंदिर है, जिसे लोग मुंडेश्वरी माता मंदिर के नाम से जानते हैं। इस मंदिर को देवी के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक माना जाता है। पुरातत्व विभाग के अनुसार यह मंदिर 1900 साल से भी अधिक पुराना है। इस मंदिर की दूसरी खास बात है यहां दी जाने वाली सात्विक बलि। तीसरी खास बात जो इस मंदिर की है, वो यह है कि इस मंदिर का संरक्षक मुस्लिम परिवार है।

**मंदिर के बारे में खास बातें**

मुंडेश्वरी माता मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दी जाने वाली सात्विक बलि। अर्थात यहां बलि में बकरा चढ़ाया जाता है, लेकिन उसका जीवन नहीं लिया जाता।

जब बकरे को माता की मूर्ति के सामने लाया जाता है तो पुजारी अक्षत (चावल के दाने) को मूर्ति को स्पर्श कराकर बकरे पर फेंकते हैं। बकरा उसी क्षण अचेत, मृतप्राय सा हो जाता है। थोड़ी देर के बाद अक्षत फेंकने की प्रक्रिया फिर होती है तो बकरा उठ खड़ा होता है और इसके बाद ही उसे मुक्त कर दिया जाता है।

यह मंदिर कैमूर जिले के भगवानपुर अंचल में पवरा पहाड़ी पर 608 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। मंदिर परिसर में विद्यमान शिलालेखों से इस मंदिर की ऐतिहासिकता प्रमाणित होती है। 1868 से 1904 ई. के बीच कई ब्रिटिश विद्वान व पर्यटक यहां आए थे। मंदिर का एक शिलालेख कोलकाता के भारतीय संग्रहालय में है। यह शिलालेख 349 ई. से 636 ई. के बीच का है। यहां लगभग 1900 सालों से लगातार पूजा हो रही है। इस मंदिर का उल्लेख कनिंघम ने भी अपनी पुस्तक में किया है। मंदिर की प्राचीनता का आभास यहां मिले महाराजा दुत्तगामनी की मुद्रा से भी होता है, जो बौद्ध साहित्य के अनुसार अनुराधापुर वंश का था और ईसा पूर्व 101-77 में श्रीलंका का शासक रहा था। मंदिर के केयर टेकर अजहरउद्दीन ने बताया कि सालों से मुंडेश्वरी माता मंदिर का संरक्षक एक मुस्लिम परिवार है। दुर्गा का वैष्णवी रूप ही मां मुंडेश्वरी के रूप में यहां प्रतिस्थापित है। मुंडेश्वरी की प्रतिमा वाराही देवी की प्रतिमा है, क्योंकि इनका वाहन महिष है। मुंडेश्वरी मंदिर अष्टकोणीय है। मुख्य द्वार दक्षिण की ओर है। मंदिर में शारदीय और चैत्र माह के नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं।

वर्ष में दो बार माघ और चैत्र में यहां यज्ञ होता है। 1968 में पुरातत्व विभाग ने यहाँ की 97 दुर्लभ मूर्तियों को सुरक्षा की दृष्टि से पटना संग्रहालय में रखवा दिया। तीन मूर्तियां कोलकाता संग्रहालय में हैं। मुंडेश्वरी माता मंदिर जाने के लिए सबसे नजदीक मोहनियां (भभुआ रोड) रेलवे स्टेशन है। वहां से मुंडेश्वरी धाम तक सड़क जाती है। मंदिर के अंदर पहुंचने के लिए पहाड़ को काटकर सीढियां और रेलिंग युक्त सड़क बनायी गई है।

जो लोग सीढियां नहीं चढ़ना चाहते, वे सड़क मार्ग से कार, जीप या बाइक से पहाड़ के ऊपर मंदिर तक पहुंच सकते हैं।

# चंद्रघंटा : मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप




नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर बहुत ही विधि-विधान से माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-उपासना की जाती है।

नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं।

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं।

सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इसके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस काँपते रहते हैं। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाईं देने लगती हैं। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए।

इस देवी की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है। इसलिए हमें चाहिए कि मन, वचन और कर्म के साथ ही काया को विहित विधि-विधान के अनुसार परिशुद्ध-पवित्र करके चंद्रघंटा के शरणागत होकर उनकी उपासना-आराधना करना चाहिए। इससे सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी है।

**॥स्तुति मंत्र॥**

**पिंडजप्रवरारूढा, चंडकोपास्त्रकैर्युता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।**

**(श्रेष्ठ सिंह पर सवार और चंडकादि अस्त्र-शस्त्र से युक्त मां चंद्रघंटा मुझ पर अपनी कृपा करें।)**

**भोगः दूध या दूध से बनी मिठाई अथवा खीर का भोग लगाएं। इससे दुःखों से मुक्ति और परम आनंद की प्राप्ति होती है।**

# नवरात्रि की अखंड ज्योति बुझ जाए तो क्या करें?



नवरात्रि की अखंड ज्योति बुझ जाए तो क्या करें? जानें बेहद आसान उपाय, नहीं खंडित होगा संकल्प

नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के 9 रूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है. ऐसा माना जाता है कि नवरात्रि में भगवती मां दुर्गा पूरे 9 दिन तक धरती पर आकर भक्तों को आशीर्वाद देती हैं. इस दौरान कई भक्त माता को प्रसन्न करने के लिए तप, जप, हवन व व्रत रखते हैं. साथ ही कई लोग 9 दिन तक अखंड ज्योति भी जलाते हैं. लेकिन, किसी कारण वश अगर वह ज्योति बुझ जाए तो क्या करना चाहिए?

**अखंड दीपक का महत्व**

नवरात्रि के दौरान अखंड दीप प्रज्वलन देवी दुर्गा के आह्वान का प्रतीक होता है. यह ज्योति जीवन में निरंतर प्रकाश, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है. ऐसा माना जाता है कि जहां अखंड ज्योति जलती है, वहां देवी दुर्गा की विशेष कृपा और उपस्थिति रहती है. यह दीपक घर को बुरी शक्तियों से मुक्त रखता है और शांति समृद्धि का संचार करता है. साथ ही यह दीपक आस्था और विश्वास की मजबूती का प्रतीक भी है, जो भक्तों को अपने कठिन समय में शक्ति और संबल प्रदान करता है।

**पूजा के दौरान ज्योति बुझ जाए तो क्या करें?**

आचार्य के अनुसार, आप लंबी बाती वाली ज्योति जलाते हैं और बीच में वह बुझ जाती है तो अधजली बाती को हटाकर नई बाती लगाकर ही दीप जलाएं, वरना अशुभ प्रभाव पड़ेगा. हालांकि, इसके पहले एक छोटा दीपक उसी स्थान पर जला लें. इसके अलावा यदि अखंड दीपक की बाती बदलनी हो तो भी पास में एक छोटा दीया जला लें, फिर अखंड दीपक में नई बाती और घी भर कर उसे दोबारा जला सकते हैं. छोटे दीया को जलने दें, बुझने के बाद हटा लें।

**जरूर करें इस मंत्र का जाप**

**ऊं जयंती मंगला काली भद्रकाली कृपालिनी, दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।**

**दीपज्योतिः परब्रह्मः दीपज्योति जनार्दनः, दीपोहरतिमे पापं संध्यादीपं नमोस्तुते।।**




# कन्या स्वरूप में हाटबाजार पहुंची देवी, बंजारे को दिया श्राप फिर जाकर हुआ खल्लारी देवी मंदिर का निर्माण

खलवाटिका के नाम से जाना जाता है खल्लारी धाम राजधानी रायपुर से महज 70 किमी की दूरी पर महासमुंद जिले में खल्लारी माता का मंदिर स्थित है। मंदिर के लिए घने जंगलों से होकर गुजरना पड़ता है। ये मंदिर एक ऊंची पहाड़ी पर है। प्राचीन काल में इस स्थान को खलवाटिका के नाम से जाना जाता था। माता के दर्शन के लिए भक्तों को करीब 850 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। खल्लारी माता मंदिर परिसर और कोडार डैम का नजारा बहुत ही खूबसूरत नजर आता है। ये स्थान बांध के पास है जो पर्यटक यहां आकर इस जगह का लुत्फ उठाते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि माता उनकी रक्षक है।

**भीम के कारण जगह का नाम पड़ा भीमखोज**

ऐसी किवदंती है कि महाभारत काल में इस स्थान पर हिडिंब नाम का राक्षस रहता था। वनवास में महाबली भीम इस स्थान से गुजरने के दौरान विश्राम कर रहे थे, तभी हिडिंब की बहन हिडिंबा भीम की बलिष्ठ काया को देखकर उस पर मोहित हो गई। इस बीच हिडिंब राक्षस वहां पहुंच गया और उसने भीम के साथ युद्ध किया। भीम ने हिडिंब का वध कर दिया और माता कुंती के आदेश से राक्षसी हिडिंबा से विवाह किया। माना जाता है कि पांडवों ने इस स्थान पर काफी दिनों तक निवास किया, जिसके साक्ष्य



आज भी मिलते हैं। इस स्थान को भीमखोज के नाम से भी जाना जाता है, खल्लारी की पहाड़ियों में ऐसे कई निशान है, जिनको महाबली भी से जोड़कर देखा जाता है। स्थानीय मान्यताओं में चट्टानों पर बने बड़े -बड़े निशानों को भीम के शक्ति प्रदर्शन का सबूत माना जाता है। यहां पर भीम चूल्हा, भीम की नाव स्थान भी मौजूद है।

**1985 में पहली बार जलाई गई नवरात्रि पर ज्योत**

यहां के स्थानीय लोग बताते है कि पहले घने जंगलों के बीच खल्लारी पहाड़ी पर केवल एक गुफा थी, जिसमें देवी माता की अंगुली का निशान अंकित था। ग्रामीण वन्यप्राणियों का खतरा मोल लेते हुए देवी पूजन के लिए पहाड़ियों पर चढ़ते थे। 1940 के आसपास पहाड़ चढ़ने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई और पहली बार 1985 में नवरात्रि में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर मंदिर निर्माण कराया गया।

**बंजारा और माता के कन्या से जुड़ी खल्लारी मंदिर की कथा**

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन काल में महासमुंद के डेंचा गांव में खल्लारी माता की निवास था। देवी कन्या का रूप धारण करके खल्लारी में लगने वाले हाट बाजार में आती थी। एक बार माता को कन्या के रूप में देखकर एक बंजारा मोहित हो गया और उनका पीछा करते हुए पहाड़ी तक पहुंच गया। इस बात से क्रोधित होकर खल्लारी माता ने बंजारे को श्राप देकर उसे पत्थर में परिवर्तित कर दिया और खुद भी वहां विराजमान हो गई।

**खल्लारी माता मंदिर कैसे पहुंचे**

**हवाई मार्ग** - खल्लारी माता मंदिर के लिए सबसे निकटतम हवाई अड्डा रायपुर का है। जो इस मंदिर से 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां से आप स्थानीय परिवहन सेवा या टैक्सी के द्वारा मंदिर पहुंच सकते हैं।

**रेल मार्ग**- खल्लारी माता मंदिर से निकटतम रेलवे स्टेशन महासमुंद रेलवे स्टेशन है। यहां से आप स्थानीय परिवहन सेवाओं या टैक्सी का उपयोग करके आसानी से इस मंदिर तक पहुंच सकते हैं।


**सड़क मार्ग** - इस मंदिर तक पहुंचने वाली सड़के देश के अन्य शहरों से अच्छी तरह से जुड़ी हुई है। आप देश के किसी भी हिस्से से यहां पर आसानी से पहुंच सकते हैं।

# जालोर की पहाड़ियों में स्थित है 900 साल पुराना सुंधा माता का मंदिर

सुंधा माता मंदिर राजस्थान के जालोर जिले में स्थित सुंधा नाम की एक पहाड़ी पर स्थित चामुंडा देवी को समर्पित एक 900 साल पुराना मंदिर है। मंदिर एकमात्र राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू से 64 किमी और भीनमाल नगर से 20 किमी दूर है। अरावली की पहाड़ियों में 1220 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चामुंडा देवी का यह मंदिर भक्तों के लिए एक पवित्र और धार्मिक स्थल है। गुजरात व राजस्थान के बहुत से पर्यटक इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर के पास का वातावरण बेहद ताजा व आकर्षक है। साल भर झरनें बहते रहते है। जैसलमेर के पीले बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर हर किसी को अपनी खूबसूरती से आकर्षित करता है।

**सुंधा माता मंदिर का इतिहास**

माता के मंदिर में संगमरमर स्तंभों पर की गई कारीगरी आबू के दिलवाड़ा जैन मंदिरों के स्तंभों की याद दिलाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार अपने ससुर राजा दक्ष से यहाँ यज्ञ के विध्वंस के बाद शिव ने यज्ञ वेदी में जले हुए अपनी पत्नी सती के शव को कंधे पर उठाकर तांडव नृत्य किया तब भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के टुकड़े टुकड़े कर छिन्न भिन्न कर दिया। उनके शरीर के अंग भिन्न-भिन्न स्थानों पर जहां जहां गिरे, वहाँ शक्ति पीठ स्थापित हो गए। यह माना जाता है कि सुंधा पर्वत पर सती का सिर गिरा जिससे वे 'अघटेश्वरी' के नाम



से विख्यात है। त्रिपुर राक्षस का वध करने के लिए आदि देव की तपोभूमि यहीं मानी जाती है। इसके अलावा चामुंडा माता की मूर्ति के पास एक शिवलिंग स्थापित है और वैदिक कर्मकांड को मानने वाले श्रीमाली ब्राह्मण समाज के उपमन्यु गौत्र के यह कुलदेवता हैं तथा यहीं नागिनी माता भी स्थित है, जो इनकी कुलदेवी हैं। इतना ही नहीं वर्ष 1576 में हल्दीघाटी के युद्ध के बाद मेवाड़ शासक इतिहास पुरूष महाराणा प्रताप ने अपने कष्ट के दिनों में सुंधा माता की शरण ली थी। आपको बता दें कि इस मंदिर के अंदर तीन ऐतिहासिक शिलालेख हैं जो इस जगह के इतिहास के बारे में बताते हैं। यहां का पहला शिलालेख 1262 ईस्वी का है जो चौहानों की जीत और परमार के पतन का वर्णन करता है। दूसरा शिलालेख 1326 और तीसरा 1727 का है।

**सुंधा माता मंदिर कैसे पहुंचें**

सुंधा मंदिर के लिए कोई भी भारत के प्रमुख शहरों से परिवहन के विभिन्न साधनों से यात्रा कर सकते हैं। आपको बता दें कि सुंधा माता मंदिर जाने के लिए जालौर का निकटतम हवाई अड्डा 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जोधपुर में हैं। यह हवाई अड्डा मुंबई, दिल्ली और देश के अन्य प्रमुख महानगरों अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा पर्यटक सड़क मार्ग द्वारा सुंधा माता मंदिर की यात्रा करने वाले पर्यटक पर्यटक जोधपुर, जयपुर, अजमेर, अहमदाबाद, सूरत और मुंबई जैसे शहरों से आसानी से इस पर्यटन शहर तक पहुँच सकते हैं। ट्रेन द्वारा सुंधा माता मंदिर की यात्रा करने वाले पर्यटक जालौर रेलवे स्टेशन के लिए जोधपुर डिवीजन नेटवर्क, मुंबई और गुजरात से ट्रेन ले सकते हैं।



# होमबाउंड का हर हिस्सा सपने से कम नहीं

**जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा अभिनीत फिल्म होमबाउंड साल 2026 में ऑस्कर अवॉर्ड्स में नामांकित हो चुकी है। फिल्म को ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी के लिए सेलेक्ट किया गया है। इसी खुशी में जान्हवी कपूर ने फिल्म को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है।**

## जान्हवी कपूर का पोस्ट

जान्हवी कपूर ने फिल्म होमबाउंड को एक पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, यह फिल्म एक सपने जैसी रही है। इसकी कहानी, लोग, और हमारी टीम के हर सदस्य के लिए इसका खास महत्व रहा है। इस सफर का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा इनाम है। शुरू से अब तक, यह फिल्म उन सभी लोगों का उत्सव है जिनकी प्रतिभा, अच्छाई और साहस को मैं बहुत प्यार और सम्मान करता हूं। यह फिल्म और इसका सफर उम्मीद की कहानी है। 26 सितंबर को सिनेमाघरों में!

## सेलेब्स का पोस्ट

मनीष मल्होत्रा और जोया अख्तर ने जान्हवी कपूर की इस पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। नितांशी गोयल ने लिखा, बधाई हो, शनाया कपूर ने लिखा, हे भगवान, एक्टर संजय कपूर ने लिखा, शानदार।

## फिल्म होमबाउंड के बारे में

इस फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म होमबाउंड विदेशों में आयोजित हुए कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में प्रदर्शित हो चुकी है। भारत में होमबाउंड 26 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। होमबाउंड एक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन नीरज घायवान ने किया है। यह फिल्म बशारत पीर के 2020 के न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख पर आधारित है।



# 'कल्कि 2' से बाहर होने के बाद दीपिका का भावुक पोस्ट

## शाहरुख के साथ शुरू की किंग की शूटिंग

**'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर किए जाने की चर्चाओं के बीच अब दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है कि वो शाहरुख खान के साथ 'किंग' में काम कर रही हैं। 'कल्कि 2' से निकाले जाने के बाद यह खबर दीपिका के फैंस के लिए खुशखबरी लाई है।**

'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल बाहर किए जाने के बाद दीपिका ने पहली बार सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने इस बात को कंफर्म किया कि वो शाहरुख खान के साथ फिर से काम कर रही हैं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान का हाथ थामे एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में सिर्फ दोनों के हाथ नजर आ रहे हैं, चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस तस्वीर के साथ ही दीपिका ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है।

### 18 साल पहले दी गई शाहरुख की सीख को किया याद

पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझे जो पहला सबक सिखाया, वह यह था कि फिल्म बनाने का अनुभव और आप जिन लोगों के साथ इसे बनाते हैं, वे इसकी सफलता से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं। मैं इससे पूरी तरह से सहमत हूं। तब से मैंने अपने हर फैसले में इस सीख को लागू किया है। शायद यही वजह है कि हम साथ में अपनी छठी फिल्म बना रहे हैं?' इस पोस्ट में दीपिका ने किंग का हैशटैग लगाया है। साथ ही शाहरुख खान और 'किंग' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को मेंशन भी किया है। साथ ही उन्होंने डे वन लिखा है, जिससे ये साफ होता है कि उन्होंने 'किंग' की शूटिंग शुरू कर दी है।

### शाहरुख के साथ हिट है दीपिका की जोड़ी

दीपिका पादुकोण ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत ही शाहरुख के साथ 2007 में आई फिल्म 'ओम शांति ओम' से की थी। इसके बाद उन्होंने शाहरुख के साथ 'हैप्पी न्यू ईयर', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'पठान' और 'जवान' में भी काम किया है। दीपिका और शाहरुख की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई है फिल्म सफल हुई है। अब सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित 'किंग' में यह जोड़ी एक बार फिर नजर आएगी।

### सुहाना खान भी हैं 'किंग' का हिस्सा

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित 'किंग' में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, जयदीप अहलावत और अभय वर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'किंग' के अलावा दीपिका एटली की आगामी फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ भी नजर आएंगी।





# 50 साल की हो चुकी हैं अमीषा

## बताया अब तक क्यों नहीं की शादी

**बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री अमीषा पटेल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म कहो ना प्यार है से डेब्यू किया था। इसके बाद वह गदर में नजर आईं। जल्दी ही वह बॉलीवुड पर छा गईं। अब अभिनेत्री 50 साल की हो चुकी हैं लेकिन उन्होंने अभी शादी नहीं की है। हाल ही में उन्होंने बताया है कि उन्होंने अब तक शादी क्यों नहीं की।**

### अमीषा पटेल को मिलते हैं प्रस्ताव

अमीषा पटेल ने खुलासा किया है कि भले ही वह पहले कई लोगों के साथ रिश्तों में रही हों, लेकिन उन्होंने कभी शादी नहीं की क्योंकि लोग चाहते थे कि वह घर बैठ जाएं और एक्टिंग छोड़ दें। अमीषा ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा मैं स्कूल में कभी लड़कों के पीछे नहीं भागती थी, बल्कि वह मेरे पीछे भागते थे। तब से मुझे ढेरों प्रस्ताव मिले हैं और अब तक आते ही रहते हैं।

### अमीषा ने क्यों नहीं की शादी?

अमीषा ने आगे बताया मैं जितने लोगों से मिली, उनमें से ज्यादातर चाहते थे कि मैं शादी के बाद घर पर ही रहूं और काम न करूं। यह बात मुझे रास नहीं आई। मैं अपनी जवानी सिर्फ किसी की पत्नी बनकर नहीं बिताना चाहती थी।

यह पूछे जाने पर कि क्या अमीषा अब प्यार नहीं पाना चाहतीं? इस सवाल के जवाब में अमीषा ने कहा मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई सही इंसान मिले। कहते हैं न, जहां चाह, वहां राह, इसलिए जो व्यक्ति मुझे हर हाल में ढूंढ़ ले और मौके पर चौका मारले, वही मेरा साथी होगा।

### प्यार के बजाए करियर को चुना

अमीषा ने आगे कहा जो लोग आपसे प्यार करते हैं, वे आपके करियर को आगे बढ़ने देंगे। मैंने अपने करियर के लिए बहुत कुछ खोया है और प्यार के लिए भी बहुत कुछ खोया है। मैंने एक-दूसरे के लिए दोनों चीजें छोड़ी हैं। मुझे लगता है कि मैंने दोनों से सीखा है। फिल्मों में आने से पहले मेरा किसी से रिश्ता था। वह मेरे लिए अच्छी पसंद थे। हालांकि जब मैंने फिल्म में जाने का फैसला किया, तो मेरा साथी नहीं चाहता था कि मैं लोगों की नजरों में आऊं। इस तरह मैंने प्यार की बजाय अपने करियर को चुना।

# रचित सिंह से गुपचुप सगाई की अफवाहों के बाद हुमा का क्रिप्टिक पोस्ट



हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी फिल्म बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म का प्रीमियर हुआ। इसके अलावा अपनी निजी जिंदगी के चलते भी हुमा चर्चा बटोर रही हैं। हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि अभिनेत्री ने अपने कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह से गुपचुप सगाई कर ली है।

### साउथ कोरिया पहुंचीं हुमा कुरैशी

हुमा कुरैशी ने अपनी सगाई की उड़ती अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से सगाई की खबर पर रिएक्ट किया है। हुमा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें एक व्यंजन की तस्वीर है। इसके जरिए उन्होंने बताया है कि वे साउथ कोरिया में हैं।

### काम से काम रखो

हुमा ने इस फोटो के साथ जो मैसेज लिखा है, वह गौर करने वाला है। उन्होंने लिखा है, सभी लोगों को शांत रहने की जरूरत है और अपने काम से काम रखो। उन्होंने आगे लिखा है कि वे साउथ कोरिया में लैंड हो गई हैं। हुमा ने फ्लाइट से खाने की फोटो शेयर की है। साझा की गई तस्वीर में बाउल में सूपी नूडल्स दिखाई दे रहे हैं।

### कौन हैं रचित सिंह?

हुमा के कथित बॉयफ्रेंड रचित एक्टिंग कोच हैं। वे आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और विक्की कौशल जैसे सितारों को ट्रेनिंग देने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 'कर्मा कॉलिंग' सीरीज से अभिनय की शुरुआत की थी। हुमा और रचित, दोनों लंबे वक्त से दोस्त हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा गया है। हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुमा की फिल्म बयान की स्क्रीनिंग के दौरान भी रचित मौजूद रहे। इसके अलावा हुमा कुरैशी की बेस्ट फ्रेंड और अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल इकबाल की शादी में भी रचित शामिल हुए थे।





# आर्यन ने कभी महसूस नहीं कराया कि वह सुपरस्टार का बेटा है

**किल, ग्यारह ग्यारह और युध्रा जैसे प्राजेक्ट्स में अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुके डांसर टर्न एक्टर राघव जुयाल इन दिनों आर्यन खान निर्देशित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए चर्चा में हैं। सीरीज में उनकी बिंदास एक्टिंग लोगों को खूब पसंद आ रही है। राघव का कहना है कि यह सीरीज करते हुए उन्हें खुद भी बहुत समय बाद एक अलग सी ताजगी महसूस हुई।**

### हमारी राय को खुले दिल से सुनते थे आर्यन

बकौल राघव, इस शो को करते हुए बहुत समय बाद एक ताजगी वाला अहसास हुआ, क्योंकि आर्यन का टेक बहुत नया था। कुछ अलग हो रहा था। जो सालों से चला आ रहा है, वैसा नहीं हो रहा था। हम सबकी साझेदारी भी बहुत थी कि लक्ष्य कुछ बोल रहा था, मैं कुछ बोल रहा था, तो बड़ा मजेदार प्रॉसेस था। सेट पर बहुत ही यंग एनर्जी थी। आम तौर पर जब डायरेक्टर बहुत अनुभवी होता है, तो हमें अपनी राय देते वक्त झिझक होती है कि बोलूं या ना बोलूं, लेकिन आर्यन हमारी ओपिनियन को लेकर बहुत ओपन था। उसने हमें बिल्कुल भी ऐसा महसूस नहीं कराया कि वह दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार का बेटा है। हमें बिल्कुल बराबरी का दर्जा दिया, जो हर सेट पर होनी चाहिए। वहां काम करते हुए बहुत सम्मानजनक महसूस होता था। ऐसा लगता था कि शाहरुख (खान) सर और आर्यन समझ जाते हैं कि एक्टर क्या सोच रहा है। शाहरुख सर बिना बताए ये समझते थे कि हम यहां तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत कर रहे हैं, क्योंकि वह खुद उस इससे गुजरे हैं। वही तहजीब, वही सोच उन्होंने आर्यन को दी है तो वो सम्मान वाला माहौल मुझे बहुत पसंद आया। ऐसे में, आप 25 घंटे करा लो, डबल शिफ्ट करा लो, हम कभी मना नहीं करेंगे।

### हीरो इंसान लगे, जीआईजो नहीं

राघव बॉलीवुड की बेहतरी के लिए एक बदलाव जरूरी मानते हैं और वह है अपनी जड़ों से जुड़ी कहानियां सुनाना। उनका कहना है कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ी हुई फिल्में बनानी चाहिए। जैसे, बैड्स ऑफ बॉलीवुड में हमने बिना किसी डर के एक नई चीज दिखाई है। ऐसा नहीं कि ये फॉर्मूला चल रहा है तो यही बनाएंगे। आर्यन और हम बिल्कुल रॉ कॉन्टेंट लेकर आए हैं और हमने यह हिंदुस्तान की जनता के लिए बनाया है, सिर्फ शहरी-टाउन के लिए नहीं बना रहे हैं। जैसे, साउथ की रीजनल फिल्में जब हम देखते हैं तो वे वहां की ट्राइबल चीजें, अपनी संस्कृति की चीजें दिखाते हैं। उनका हीरो देखकर भी लगता है कि कोई इंडियन आदमी देख रहे हैं तो एक रिलेटेबिलिटी फैक्टर लगता है। विजय दलपति या विजय सेतुपति को देखो तो लगेगा कि हां, ये इंसान लग रहे हैं। ऐसा नहीं कि कहीं से जीआईजो या बार्बी डॉल आ गई तो मुझे लगता कि इस चीज पर हमें भी काम करना चाहिए, जिससे देखने वालों को एक जुड़ाव महसूस हो।

### हर एक्टर के डीएनए में शाहरुख खान



राघव पर सीरीज के निर्माता और सुपरस्टार शाहरुख खान का क्या प्रभाव रहा है? इस पूछने पर उन्होंने कहा, यहां बाहर से जो भी एक्टर बनने आता है, उसके डीएनए में 90 पर्सेंट शाहरुख खान होता ही होता है, क्योंकि उन्होंने हम सबके लिए ये रास्ता खोला है कि भाई ये हो सकता है। आप बाहर से आकर भी सबसे बड़े सुपरस्टार बन सकते हैं। वहीं, किल में लक्ष्य के दुश्मन से इस शो में उनके जिगरी यार वाले रोल को लेकर राघव बताते हैं, हम किल के दौरान भी दोस्त ही थे। स्क्रीन पर भले हम दुश्मन थे, पर ऑफ स्क्रीन दोस्ती ही थी। हमारी वही ऑफ स्क्रीन दोस्ती इस शो में ऑनस्क्रीन हो गयी है।

यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो

# अपनी जिम्मेदारी को लेकर अलर्ट रहें अधिकारी : दीपक कुमार




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प समृद्ध एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को साकार करने के उद्देश्य से आगामी 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में भव्य यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण द्वारा तैयारियों को युद्धस्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने इंडिया एक्सपो मार्ट का दौरा कर तैयारियों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है और यह जनपद गौतम बुद्ध नगर के लिए गौरव का विषय है कि इतना भव्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम यहां आयोजित होने जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयोजन में देश-विदेश से वीवीआईपी, निवेशक, उद्यमी एवं एंटरप्रेन्योर शामिल होंगे। ऐसे में प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस अधिकारीगण पूर्ण समन्वय स्थापित कर सुरक्षा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, परिवहन एवं सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल व्यापार और निवेश का ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, आतिथ्य परंपरा और विकासशील छवि को विश्व पटल पर स्थापित करने का भी है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि यहां आने वाले अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वे इस आयोजन के समापन पर प्रदेश के प्रति सकारात्मक संदेश लेकर जाएं।

अपर मुख्य सचिव ने यह भी निर्देशित किया कि इस ट्रेड शो के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचे और प्रदेश की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा सके।

जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण के अधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव एवं डीजीपी को आश्वस्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की अपेक्षाओं के अनुरूप तथा आज आपके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां समय रहते मानकों के अनुरूप पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा लोकेश एम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा रवि कुमार एनजी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार सहित जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम व सीपी ने किया जेवर एयरपोर्ट का निरीक्षण



**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मेधा रूपम द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एयरपोर्ट निर्माण कंपनी के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अब तक की प्रगति एवं निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में बिंदुवार चर्चा कर विभिन्न तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

तदोपरांत पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट का भौतिक निरीक्षण किया तथा सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएं तथा प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करे।

इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, ज्वाइंट सीपी राजीव एन मिश्रा, डीसीपी साद मियां खान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, ओएसडी यमुना विकास प्राधिकरण शैलेंद्र कुमार, एसीपी जेवर सार्थक सेंगर, मनीष कुमार मिश्रा, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की सीओओ किरन जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालयों व कॉलेजों की रचनात्मक प्रतिभाओं का होगा भव्य प्रदर्शन

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा



रूपम ने बताया कि आगामी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में जनपद के विद्यालयों और महाविद्यालयों की ओर से विविध शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना, उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना है।

26 सितंबर को स्कूल क्विज़ (हॉल 2C) सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक। इसी दिन (MUN) (हॉल 2D) सुबह 10 से शाम 4:30 बजे तक। वहीं MIME प्रस्तुति (हॉल 2C) शाम 3 से 6 बजे तक।

27 सितंबर को कॉलेज क्विज़ (हॉल 2C) सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक। 29 सितंबर को रोबोटिक्स/एआई प्रतियोगिता (हॉल 2D) और स्टूडेंट बिजनेस एक्सपो (हॉल 2C) सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक। इसी दिन बैटल ऑफ बैंड्स (हॉल 2) दोपहर 1 से 4 बजे तक।

जिलाधिकारी ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से प्रदेश के युवा वैश्विक स्तर पर अपनी शैक्षिक योग्यता, नवाचार और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## अग्निकांड में भाजपा अध्यक्ष की तत्परता सराहनीय

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-107 स्थित सन वर्ल्ड वनालिका सोसायटी के टावर नंबर-11 में अमिता मस्कारा के फ्लैट में अचानक भीषण आग लग गई। घटना की सूचना का त्वरित संज्ञान लेते हुए भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान तुरंत मौके पर पहुंचे और संबंधित प्रशासनिक एवं अग्निशमन अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर बचाव एवं राहत कार्य को गति प्रदान की।



महेश चौहान ने पीड़ित परिवार से मिलकर इस कठिन समय में उनको ढांढस बंधाया और उनको हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। महेश चौहान के त्वरित प्रयासों एवं समय रहते उठाए गए कदमों के चलते आग पर शीघ्र नियंत्रण पाया जा सका और किसी बड़ी अनहोनी से बचाव हो सका।

इस घटना के दौरान भाजपा परिवार के समर्पित सेवा भाव और तत्परता ने सोसायटी के सभी निवासियों को भावविभोर कर दिया। यह पुन: प्रमाणित हुआ कि संकट की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी सदैव जनमानस के साथ खड़ी रहती है और सेवा को ही अपना धर्म मानती है।

## रावण के जन्म से लेकर शिव की तपस्या का हुआ मंचन

श्री सनातन धर्म रामलीला

**नोएडा (चेतना मंच)।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वावधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट के निर्देशक पंकज शर्मा के निर्देशन में नोएडा स्टेडियम, सैक्टर 21ए, नोएडा में होने वाली प्रभु राम की लीला मंचन का पूजा अर्चना कर रामलीला का शुभारंभ जनपद-सिद्वार्थ नगर के शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने किया।



श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि कल की रामलीला मंचन में रावण जन्म, रावण तपस्या, रावण वेदवती, रावण द्वारा कैलाश पर्वत को उठाना, शिवजी का प्रसन्न होकर चंद्रहास देना, रावण वेदवती संवाद, वेदवती की प्रतिज्ञा, नलकुबेर का श्राप, मातृ पितृ भक्त श्रवण लीला दिखाई गई, रावण के बचपन में किस प्रकार रावण आहत होता है, तपस्या में ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करता है, कैसे रावण अहंकार से ग्रसित होकर रम्भा के साथ दुराचार करता है और नलकुबेर से श्रापित होता है, हरि भक्तिन वेदवती के साथ दुर्व्यवहार के कारण वेदवती रावण की मृत्यु का कारण होने की प्रतिज्ञा लेती है रावण के रूप में अमित शर्मा, रंभा के रूप में सुहानी, वेदवती के रूप में सोनम ने दृश्यों में पात्रों को जीवंत अभिनय किया।

रामलीला मंचन के द्वितीय दिवस के अवसर पर सुशील भारद्वाज, रमेश कुमार, एसकेएस राणा, अनुज गुप्ता, मित्रा शर्मा, विनय वर्मा, प्रदीप अग्रवाल, विनय शर्मा, प्रदीप कटारिया, अनिल गुप्ता, पवनदीप सिंह, चितरंजन कुमार, तुषार गोयल, कुलभूषण बाली, डा. एस. पी. जैन, विनीत मेहता, रामकुमार शर्मा, चन्द्रपाल सिंह, प्रमोद रंगा, राधा कृष्ण गर्ग, राजेश सिंह, सुन्दर सिंह राणा, प्रताप मेहता समेत हजारों की काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## राम जन्म से अयोध्या में खुशी की लहर, जगह-जगह मना जश्न

सेक्टर-62 के रामलीला

**नोएडा (चेतना मंच)।** श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि नवाब सिंह नागर पूर्व मंत्री, महेश चौहान जिलाध्यक्ष बीजेपी, जयभगवान गोयल अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष,यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट, संजय गुप्ता सीएमडी रामाज्ञा, रविकांत मिश्रा वरिष्ठ मंत्री बीजेपी, अजय बाटला चेयरमैन बाटला एस्टेट, गोपाल कृष्ण अग्रवाल राष्ट्रीय प्रवक्ता बीजेपी, दीपक अग्रवाल, अनंत प्रकाश वर्मा, राजेश माथुर, विनय अग्रवाल, जितेंद्र सिंघल, महेश सक्सेना, राजीव अजमानी, मनोज गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया।



श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

भगवान राम के साथ तीनों भाईयों के जन्म लेते ही राजा दशरथ और रानी कौशल्या बड़े ही उत्साहित थे। अयोध्या में चारों ओर बधाई गान गाए गए। कौशल्या जायो लल्ला, अवध में मचो हल्ला, अवध में जनमे रघराई, कौशल्या रानी दे दो बधाई। बाल स्वरूप भगवान राम से मिलने भगवान शिव जी योगी का भेष बनाकर आते हैं और इसके बाद चारों भाइयों का नाम करण गुरू वशिष्ठ द्वारा किया जाता है। तत्पश्चात भगवान राम,लक्ष्मण,भरत, शत्रुघन गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा दीक्षा के प्रस्थान करते हैं।भगवान राम की बाल लीला का मंचन देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो जाते हैं।

अगले दृश्य में विश्वामित्र का राजा दशरथ के दरबार में आगमन होता है और वह अपने यज्ञ की राक्षशों से रक्षा के लिए श्री राम और लक्ष्मण जी को साथ ले जाने के लिए कहते हैं। वशिष्ठ जी के समझाने पर दशरथ जी राम लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं। रास्ते में जाते समय विश्वामित्र भगवान राम को राक्षसी ताड़का, मारीच और सुबाहु को दिखाते हैं। ताड़का, मारीच एवं सुबाहु विश्वामित्र जी, श्री राम जी व लक्ष्मण जी के पर आक्रमण कर देते है ।भगवान राम धनुष उठाकर सुबाहु और तड़का का वध कर देते हैं और मारीच को दूर दक्षिण किनारे समुद्र में फेंक देते हैं। भगवान की आरती के साथ दूसरे दिन की रामलीला का समापन होता है।

